रजिस्ट्रेशन सं डी. एल.—33004/96 REGN. NO. D. L.—33004/96

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-Section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 204] नई दिल्ली, सोमवार, मार्च 25, 1996/चैत्र 5, 1918
No. 204] NEW DELHI, MONDAY, MARCH 25, 1996/CHAITRA 5, 1918

वाणिज्य मंत्रालय

अधिसूचना सं० 1 (आर ई-96)/92—97

नई दिल्ली, 25 मार्च, 1996

का०आ० 245(ई) : निर्यात व आयात नीति 1992-97 के पैरा 3 के साथ पठित विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, (1992 की सं० 22) की धारा-5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार इस अधिसूचना के अनुलग्नक में दी गई निर्यात एवं आयात नीति, 1992—97 (संशोधित संस्करण : मार्च 1996) को एतद्द्वारा संशोधित एवं अधिसूचित करती है । नीति का यह संशोधित संस्करण जिसमें 25 मार्च, 1996 तक किए गए सभी संशोधनों को शामिल किया गया है, 26 मार्च, 1996 से लागू होगा ।

2. इसे सार्वजनिक हित में जारी किया जाता है ।

[फाइल सं० पी आर यू/सी/16/95-96]

श्यामल घोष, महानिदेशक विदेश व्यापार एवं पदेन अपर सचिव

अध्याय—एक

प्रस्तावना

अधिसूचना:—

1. आयात और निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 (1947 का 18) की धारा 3 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार ने 1992-97 की अवधि के लिए निर्यात और आयात नीति को 31 मार्च, 1992 अधिसूचित की (जिसे अब से आगे नीति के रूप में संदर्भित किया जाएगा) । इस अधिनियम को निरस्त किया जा चुका है और इसे विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1992 (1992 की संख्या 22) (जिसे अब आगे से अधिनियम के रूप में संदर्भित किया जाएगा) इस नीति को अधिनियम के खण्ड 5 के अन्तर्गत अधिसूचित किया गया माना जाएगा ।

विनियोग एवं अवधि :—

2. यह नीति 1 अप्रैल, 1992 से लागू होगी तथा पांच वर्ष की अवधि अर्थात् 31 मार्च, 1997 तक प्रभावी रहेगी और यह आठवीं पंच वर्षीय योजना की अवधि (अप्रैल, 1992 से मार्च, 1997) के साथ समाप्त होगी ।

संशोधन:—

3. अधिनियम के खण्ड 5 में दी गई शक्तियों को दर्शाते हुए इस नीति में संशोधन अथवा परिवर्तन करने के लिए केन्द्रीय सरकार जनहित में अधिकार सुरक्षित रखती है। ऐसे संशोधन यदि कोई होंगे तो, भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर सार्वजनिक सूचनाओं के द्वारा अधिसूचित किए जाएंगे।

अन्तवर्ती व्यवस्था:—

4. पूर्व निर्यात-आयात नीतियों के अन्तर्गत कोई भी जारी की गई अधिसूचना या सार्वजनिक सूचना या अन्य परिवर्तन तथा जो इस नीति के प्रारम्भ होने से पूर्व लागू थे, यदि इस नीति के प्रावधानों से असंगत न हों, प्रभावी माने जाएंगे तथा इस नीति के अन्तर्गत माने जाएंगे। इस नीति से पूर्व जारी किए गए लाइसेंस उनमें अनुमित मदों के आयात/निर्यात के लिए मान्य रहेंगे।

5. निर्यात एवं आयात जो खुला लाइसेंस के अन्तर्गत अनुमेय थे वे इस नीति के अन्तर्गत यदि किसी नियंत्रण या नियम के अधीन हैं तो ऐसे निर्यात एवं आयात सामान्यत: बिना किसी नियंत्रण या नियम के बिना अनुमित होंगे, जबकि वे किसी और बात से प्रभावित न हों, और ऐसे निर्यात या आयात का पोतलदान ऐसे नियंत्रण के लागू होने के 45 दिन के अन्दर होना चाहिए और वह एक फर्म आदेश के साथ होना चाहिए जो अपवर्तनीय साख पत्र ऐसे नियंत्रण के लागू होने की तिथि से पहले का हो।

अध्याय—दो

उद्देश्य

6. इस नीति के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं:—

(क) बढ़ती हुई विश्व व्यापी बाजार की उपलब्धियों से अधिकतम फायदा उठाने के उद्देश्य से देश के अन्तवर्तन को अन्तर्राष्ट्रीय अभिमुख अर्थ व्यवस्था की ओर बढ़ाना।

(ख) भारतीय कृषि, उद्योग और सेवाओं की उत्पादकता आधुनिकीकरण एवं प्रतियोगितात्मकता को बढ़ावा देना तथा इनके निर्यात संभाव्यता एवं सामर्थ्य को बढ़ाना।

(ग) माल की गुणवत्ता के अन्तर्राष्ट्रीय स्वीकृत स्तरों को प्राप्त करने और विदेश में भारत के उत्पादों की छवि को बढ़ावा देना।

(घ) भारत के निर्यात को बढ़ाने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में आवश्यक कच्चे माल, मध्यस्थों, संघटकों, उपभोज्यों तथा पूंजीगत माल आसानी से उपलब्ध करवाना।

(ङ) व्यापार के लिए उदार ढांचे के अन्तर्गत प्रभावी एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी आयात प्रतिस्थापन को बढ़ावा देना;

(च) निर्यात-आयात नीतियों में अधिक स्पष्टता लाने के लिए यांत्रिक नियंत्रण लाइसेंसिंग और अन्य विवेकाधीन नियंत्रणों को कम अथवा समाप्त करना।

(छ) देश में अनुसंधान तथा विकास सामर्थ्य को प्रोत्साहन देना और सशक्त बनाना।

(ज) भारत के वनों और वन्य-जीवन को सुरक्षित करना और संतुलित और लगातार विकास को सुनिश्चित करने के लिए एक स्वस्थ पर्यावरण-प्रणाली, की परिरक्षा, सुरक्षा और संवर्धन के लिए सहायक होना; और

(झ) निर्यात एवं आयात को संचालित करने वाली प्रक्रिया को सरल एवं कारगर बनाना।

विदेश व्यापार महानिदेशालय और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों का नैटवर्क ऊपर दिए गए उद्देश्यों को पाने के लिए सभी संबंधित ऐजेन्सियों के समीप साहचार्य से मददगार, समन्वयकर्ता और निर्यात प्रोत्साहक बनेंगे।

अध्याय—तीन

परिभाषाएं

7. इस नीति के उद्देश्य के लिए, जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, निम्नलिखित शब्दों और अभिव्यक्तियों के निम्नलिखित अर्थ होंगे:—

(1) "उपांग" या "संलगनी" का अर्थ है एक पूर्जा, उप-संयोजक अथवा संयोजक जो उपस्कर के मूल कार्यों को परिवर्तित किए बिना उपस्कर के एक टुकड़े की कार्यसाधकता को सहयोग देता है।

(2) "अधिनियम" का अर्थ है—विदेश व्यापार (विकास एवं विनियम) अधिनियम 1992 (1992 की संख्या 22)

(3) "वास्तविक उपयोक्ता" का अर्थ है वास्तविक उपयोक्ता जो औद्योगिक अथवा गैर-औद्योगिक हो सकता है।

(4) "वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक)" का अर्थ उस व्यक्ति से है जो अपनी निजी यूनिट में विनिर्माण के लिए अथवा बाहर का ठेका लेने वाली यूनिट सहित किसी अन्य यूनिट में अपने निजी प्रयोग के लिए विनिर्माण के लिए आयातित माल का प्रयोग करता है।

(5) "वास्तविक उपयोक्ता (गैर-औद्योगिक)" का अर्थ उस व्यक्ति से है जो अपने स्वयं के इस्तेमाल के लिए आयातित सामग्री का निम्न में इस्तेमाल करता हो:—

(1) कोई भी वाणिज्यिक प्रतिष्ठान जो कोई व्यवसाय, व्यापार या पेशा कर रहा हो; या

(2) कोई भी प्रयोगशाला, वैज्ञानिक या अनुसंधान और विकास (आर एण्ड डी) संस्था, विश्वविद्यालय या अन्य शैक्षिक संस्था या अस्पताल ; या

(3) कोई भी सेवा उद्योग ।

(6) "आवेदक" का अर्थ है वह व्यक्ति जिसके पक्ष में आवेदन किया जाए और जहां संदर्भ में आवश्यकता हो, जिसमें आवेदन पर हस्ताक्षर करने वाला व्यक्ति भी शामिल है ।

(7) "पूंजीगत माल" का अर्थ है माल के, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष उत्पादन के लिए या सेवा अर्पित करने के लिए अपेक्षित संयंत्र, मशीनरी, उपस्कर या उपसाधित्र जिनमें प्रतिस्थापन, आधुनिकीकरण या विस्तार के लिए अपेक्षित सामग्री भी शामिल है पूंजीगत माल में पैकेजिंग, मशीनरी और उपकरण, रिफ्रैक्टरीज, रेफ्रिजरेशन उपकरण, ऊर्जा अर्जित करने वाले सैट, मशीन टूल्स, इनिशियल चार्ज के लिए कैटालिस्ट और उपकरण और टैस्टिंग के लिए औजार, अनुसंधान और विकास, गुणवत्ता और प्रदूषण नियंत्रण भी शामिल हैं । पूंजीगत माल का, निर्माण, खनन, कृषि, जलचर पालन, पशु पालन, पुष्प पालन, बागवानी, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन और रेशम-उत्पादन में और सेवा विभाग में भी उपयोग हो सकता है ।

(8) निर्यात और आयात के "सरणीबद्ध" का अर्थ है केन्द्र सरकार द्वारा नामजद की गई एजेंसियों के माध्यम से निर्यात और आयात करना ।

(9) "सक्षम प्राधिकारी" का अर्थ है—वह प्राधिकारी जो अधिनियम अथवा उसके अन्तर्गत दिए गए आदेशों अथवा इस नीति के तहत किसी अधिकार का प्रयोग करने, किसी कार्यभार अथवा कर्त्तव्य को पूरा करने के लिए सक्षम हो ।

(10) "संघटक" का अर्थ है वह उस संयोजन या संयोजन का वह पुर्जा जिससे एक विनिर्मित उत्पाद तैयार किया जाता है या जिसमें वह विघटित हो जाए और जिसमें संघटक के साथ सहायक या उपषंगी भी शामिल है ।

(11) "उपभोज्य" माल का अर्थ है कोई मद जिसको विनिर्माण प्रक्रिया में शामिल किया जाना है या जिसकी आवश्यकता होती है परन्तु जो तैयार उत्पाद का भाग नहीं होती है । मदें जिनको निर्माण के दौरान वास्तविक रूप में या पूर्णतया उपभोग कर लिया जाता है, उन्हें उपभोज्य मदें माना जाएगा ।

(12) "उपभोक्ता माल" का अर्थ खपत के उस माल से है जो आगामी संसाधन के बिना मनुष्य की आवश्यकताओं को सीधे ही पूरा करेगा और इसमें उपाभोक्ता के लिए टिकाऊ माल भी शामिल होगा ।

(13) "प्रतिसंतुलन व्यापार" (कांउटर ट्रेड) का अर्थ उस प्रक्रम से है जिसके अन्तर्गत व्यापार समझौता या अन्यथा के तहत आयात/निर्यात करने वाले देश से अथवा तीसरे देश के जरिये सीधे आयात निर्यात भारत के आयात/निर्यात से संतुलित होते हों । प्रतिसंतुलन व्यापार (कांउटर ट्रेड) के अन्तर्गत निर्यात/आयात की अनुमति एस्क्रो एकांउट, वापस खरीदने की व्यवस्था वस्तु विनिमय व्यापार या किसी ऐसी ही अन्य व्यवस्था के अन्तर्गत दी जा सकती है । ऐसा प्रतिसंतुलन पूर्णतया या आंशिक तौर पर नकद माल और/या सेवाओं के रूप में हो सकता है ।

(14) भारत में विनिर्मित और निर्यात किए गए किसी माल के संबंध में "शुल्क वापसी" का अर्थ है— किसी आयातित माल पर अथवा ऐसे माल के विनिर्माण में प्रयुक्त उत्पाद-शुल्क देय माल पर उगाहे जाने वाले शुल्क में कटौती ।

(15) "उत्पाद शुल्क देय माल" का अर्थ है—कोई माल जिसका भारत में निर्माण किया गया हो और वह केन्द्रीय उत्पाद शुल्क तथा नमक अधिनियम, 1944 (1944 का एक) के तहत उत्पाद शुल्क के अधीन हो ।

(16) "निर्यातक" का अर्थ उस व्यक्ति से है जो निर्यात करता है, निर्यात करना चाहता है और जो निर्यातक-आयातक कोड नम्बर धारी हो ।

(17) "निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन सुपर स्टार व्यापार सदन" का अर्थ है "निर्यातक" जिसके पास महानिदेशक विदेश व्यापार द्वारा जारी किया गया निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन/सुपर स्टार व्यापार सदन प्रमाण-पत्र हो ।

(18) "निर्यात आभार" का अर्थ है लाइसेंस अथवा अनुज्ञा में शामिल उत्पाद अथवा उत्पादों का लाइसेंसिंग या सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा निर्धारित अथवा यथा निर्दिष्ट मात्रा, मूल्य दोनों में निर्यात करने का आभार ।

(19) "आयातक" का अर्थ उस व्यक्ति से है जो आयात करता है; आयात करना चाहता है और जो आयातक-निर्यातक कोड नम्बरधारी हो ।

(20) "जॉबिंग" का अर्थ है फुटकर काम करने वाले को आपूर्ति किया गया कच्चा माल अथवा अर्ध-परिष्कृत माल को इस प्रकार से संसाधित करना अथवा तैयार करना कि किसी माल अथवा किसी प्रक्रिया को विनिर्मित करने अथवा परिष्कृत करने की प्रक्रिया को पूरे अथवा एक भाग को प्रयोग में लाया गया हो ।

(21) "लाइसेंस" का अर्थ है अधिनियम के अधीन प्रदान किया गया ।

(22) "लाइसेंस प्राधिकारी" का अर्थ उस प्राधिकारी से है जो लाइसेंस देने के लिए सक्षम हो ।

(23) "लाइसेंसिंग वर्ष" का अर्थ उस वर्ष से है जो प्रथम अप्रैल से आरम्भ होकर आगामी वर्ष के 31 मार्च को समाप्त हो ।

(24) "विनिर्माण" का अर्थ है—विशेष नाम, गुण या उपयोग वाला नया उत्पाद जो हाथ अथवा मशीन से बनाया, उत्पन्न किया, गढ़ा गया : संयोजित किया गया, संसाधित किया गया अथवा तैयार किया गया हो । और उसमें ऐसे संसाधन शामिल है । जैसे रेफ्रिजेरेशन, पुनः पैकिंग, पौलिशिंग, लेबलिंग और अलगाव/विनिर्माण में इस नीति के उद्देश्य के लिए कृषि, जलचर पालन, पशु पालन, पुष्प पालन, बागवानी, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन और रेशम-उत्पादन एवं खनन भी शामिल हैं ।

(25) "विनिर्माता निर्यातक" का अर्थ उस व्यक्ति से है जो माल का निर्माण करता है तथा उनका निर्यात करता है अथवा ऐसे माल का निर्यात करना चाहता है ।

(26) "व्यापार निर्यातक" का अर्थ उस व्यक्ति से है जो व्यापार के कार्य और निर्यात के कार्य में संलग्न हो अथवा माल निर्यात करना चाहता हो ।

(27) "अधिसूचना" का अर्थ उस अधिसूचना से है जो राजपत्र में प्रकाशित की जाए ।

(28) "आदेश" का अर्थ है अधिनियम के तहत केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाया गया आदेश ।

(29) "पुर्जे" का अर्थ है उपसंयोजन का संयोजन का एक तत्व जो सामान्यतया स्वयं उपभोगी न हो और जो रख-रखाव के उद्देश्य के लिए आगे से असंयोजन के लिए संशोधन करने के योग्य न हो । "पुर्जा" एक संघटक अथवा उपसाधक हो सकता है ।

(30) "व्यक्ति" का अर्थ है एक व्यक्ति फर्म, सोसायटी, कम्पनी, कार्पोरेशन अथवा अन्य कोई वैध व्यक्ति ।

(31) "नीति" का अर्थ समय-समय पर यथासंशोधित निर्यात-आयात नीति, 1992--97 से है ।

(32) "निर्धारित" का अर्थ है विदेश व्यापार (विकास और विनियम) अधिनियम, 1992 अथवा इसके तहत अथवा नीति के अन्तर्गत बनाये गए नियम और आदेश

(33) "सार्वजनिक" सूचना जनता की सूचना के लिए नीति के तहत प्रकाशित सूचना ।

(34) "कच्ची सामग्री" का अर्थ है—

(1) मूल सामग्री जिसकी माल के विनिर्माण में आवश्यकता होती है, परन्तु वह कच्ची स्वाभाविक, अपरिष्कृत अथवा अविनिर्मित अवस्था में हो ।

(2) किसी विनिर्माता के लिए वह सामग्री या माल जिसकी उसे विनिर्माण प्रक्रिया में आवश्यकता होती हो, चाहे वह सामग्री या माल वास्तव में पहले से विनिर्मित हो या उनको संसाधित किया जाए या वह अब भी कच्ची या स्वाभाविक अवस्था में हो ।

(35) "पंजीकरण-सह-सदस्यता प्रमाण पत्र" (आर सी एम सी) का तात्पर्य अध्याय 13 में सूचीबद्ध किसी निर्यात संवर्धन परिषद् द्वारा प्रदान की गई सदस्यता तथा पंजीकरण प्रमाण-पत्र से है ।

(36) "नियमों" का अर्थ है अधिनियम के खण्ड 19 के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाए गए नियम ।

(36क) "सेवा प्रदान करने वाला" का अर्थ है व्यक्ति जो प्रदान करता है :—

(क) भारत से किसी और देश के लिए सेवा प्रदान करता है ;

(ख) भारत में किसी और देश? के उपभोक्ता को भारत से प्रदान की गई सेवा की आपूर्ति ; और

(ग) भारत से किसी अन्य देश की धरती पर व्यापारिक उपस्थिति द्वारा सेवा की आपूर्ति ।

(36ख) "सेवा" में कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर भी शामिल हैं ।

(37) "अतिरिक्त पुर्जों" का तात्पर्य प्रतिस्थापन के लिए किसी उप-असेम्बली या असेम्बली के अर्थात् किसी समान या एक ही तरह के भाग या उप-असेम्बली या असेम्बली के स्थान पर रखे जाने वाले किसी भाग से है । अतिरिक्त पुर्जे में संघटक या सहायक उपकरण शामिल होते हैं ।

(38) "विनिर्दिष्ट" का तात्पर्य इस नीति के प्रावधानों द्वारा या के तहत विनिर्दिष्ट से है ।

(39) "वन्य प्राणी" का अर्थ है वह अन्य प्राणी जो वन्य प्राणी (सुरक्षा) अधिनियम, 1972 के खण्ड 2(36) में परिभाषित हैं ।

अध्याय—चार

निर्यात एवं आयात से संबंधित सामान्य प्रावधान

विनियमित होने की स्थिति के अतिरिक्त स्वतंत्र रूप से निर्यात एवं आयात

8. इस नीति के प्रावधानों अथवा देश के अन्य सम्बद्ध कानूनों द्वारा विशेषतया विनियमित को छोड़कर समस्त निर्यात एवं आयात मुक्त होगा ।

विनियमन का प्रकार

9. केन्द्र सरकार लोकहित में आयात अथवा निर्यात किए जाने वाले माल को आयात के लिए निषेधात्मक सूची अथवा निर्यात के लिए निषेधात्मक सूची, जैसा कि मामला हो, के द्वारा विनियमित करेगी ।

निषेधात्मक सूचियां

10. निषेधात्मक सूचियों में आयात अथवा निर्यात किए जाने वाला वह माल है जो लाइसेंसिंग द्वारा अथवा अन्यथा रूप से अथवा सरणीबद्ध रूप से प्रतिबंधित है । आयात की निषेधात्मक सूची तथा निर्यात की निषेधात्मक सूची इस नीति में दी गई अनुसार होगी ।

निषिद्ध माल

11. निषिद्ध माल का आयात अथवा निर्यात नहीं किया जाएगा ।

लाइसेंसिंग

12. कोई भी माल जिसका निर्यात अथवा आयात लाइसेंसिंग के द्वारा प्रतिबंधित किया गया है । इसके लिए जारी किए गए लाइसेंस के अनुसार ही निर्यात अथवा आयात किया जा सकेगा ।

शर्तें

13. लाइसेंस पर शर्तें लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा यथा विनिर्दिष्ट होगी तथा इसमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगी :—

(क) माल की मात्रा विवरण एवं मूल्य ;

(ख) वास्तविक उपभोक्ता शर्त, यदि कोई हो ;

(ग) निर्यात आभार, यदि कोई है ;

(घ) प्राप्त किया जाने वाला मूल्य संयोजन, यदि कोई है ;

(ङ) न्यूनतम निर्यात मूल्य यदि कोई है ; और

(च) उद्गम का देश अथवा मदों का विवरण ।

वैधता की अवधि

14. प्रत्येक लाइसेंस, लाइसेंस में विशिष्टीकृत अवधि तक वैध होगा ।

लाइसेंस अधिकार नहीं

15. अधिनियम के प्रावधानों और उसके अंतर्गत बने नियमों के अनुसार कोई भी व्यक्ति लाइसेंस को अधिकार समझकर नहीं ले सकता तथा महानिदेशक, विदेश व्यापार लाइसेंस या प्राधिकारी लाइसेंस देने से इंकार करने का अधिकार रखता है ।

प्रक्रिया

16. महानिदेशक, विदेश व्यापार किसी एक मामले में अथवा मामलों की श्रेणी में किसी भी आयातक अथवा निर्यातक या अन्य लाइसेंसिंग सक्षम अथवा अन्य प्राधिकारी इस अधिनियम के प्रावधानों, इसके अधीन बने आदेश तथा इस नीति को लागू करने के उद्देश्य से कोई विशेष प्रक्रिया निर्धारित कर सकता है ।

सरणीबद्ध

17. कोई भी मद जिसका आयात अथवा निर्यात सरणीबद्ध किया गया है, निषेधात्मक सूची में विशिष्टीकृत सरणीबद्ध अभिकरण द्वारा आयात अथवा निर्यात किया जाएगा । तथापि, केन्द्र सरकार सरणीबद्ध मद के लिए आयात अथवा निर्यात के लिए किसी अन्य व्यक्ति को लाइसेंस दे सकती है ।

आयातक-निर्यातक कोड नम्बर

18. इस नीति के किसी अन्य प्रावधान द्वारा विशेषतया प्राप्त छूट के अतिरिक्त आयातक-निर्यातक कोड नम्बर (आई०ई०सी०) के बिना कोई भी व्यक्ति निर्यात अथवा आयात नहीं कर सकेगा ।

कानून का अनुपालन

19. प्रत्येक निर्यातक या आयातक को आयात एवं निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947, इसके अन्तर्गत बनाए गए आदेशों, इस नीति के प्रावधानों तथा उसको दिए गए लाइसेंस की शर्तों का अनुपालन करना होगा ।

नीति का स्पष्टीकरण

20. इस नीति में दिए गए किसी भी प्रावधान के स्पष्टीकरण के बारे में यदि किसी भी प्रकार का प्रश्न अथवा शंका उत्पन्न होती है तो ऐसे प्रश्न अथवा शंका को महानिदेशक, विदेश व्यापार को भेजा जाएगा तथा उसका निर्णय अंतिम व बाध्य होगा । संदेहों को दूर करने के लिए एतद्द्वारा यह घोषणा की जाती है कि यदि यह प्रश्न उठता है कि क्या लाइसेंस नीति के अनुसार जारी किया गया है

अथवा लाइसेंस की सीमा और अंश के बारे में कोई प्रश्न उठता है तो ऐसे प्रश्न को निर्णय हेतु महानिदेशक, विदेश व्यापार के पास भेज दिया जाएगा ।

नीति/प्रक्रिया में ढील

21. इस नीति अथवा प्रक्रिया में ढील प्राप्त करने के अनुरोध को, आवेदक की वास्तविक कठनाई अथवा नीति या प्रक्रिया को कड़ाई से लागू करने पर व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना पर, महानिदेशक, विदेश व्यापार को आवश्यक ढील के लिए भेजा जाए तथा उस पर महानिदेशक, विदेश व्यापार जैसा उचित समझे, ऐसा आदेश पारित कर सकते हैं ।

पड़ोसी देशों के साथ व्यापार.

21क. पड़ोसी देशों के साथ व्यापार के मामले में, महानिदेशक, विदेश व्यापार समय-समय पर, आवश्यकता पड़ने पर अनुदेश जारी कर सकते हैं ।

ऋण की पुनः अदायगी के तहत रूस के साथ व्यापार

21ख. ऋण की पुनः अदायगी करार के तहत रूस के साथ व्यापार के मामले में, महानिदेशक, विदेश व्यापार समय-समय पर आवश्यकता पड़ने पर अनुदेश जारी कर सकते हैं अथवा स्कीमें बना सकते हैं । तथा इस नीति में दिया गया कुछ भी, जो इन अनुदेशों अथवा स्कीमों के अनुरूप नहीं है, लागू नहीं होगा ।

निजीबद्ध गोदाम

21ग. घरेलू टैरिफ क्षेत्र में निजीबद्ध गोदाम बनाए जा सकते हैं । कोई भी व्यक्ति उन वस्तुओं का आयात कर सकता है जो मुक्त रूप से आयात योग्य हैं अथवा जिन्हें विशेष आयात लाइसेंस (एस आई एल) के मद्दे आयात किया जा सकता है तथा उन्हें ऐसे निजीबद्ध गोदामों में रख सकता है । ऐसी वस्तुओं को इस नीति के प्रावधानों के अनुसार और जहां कहीं जरूरी हो लाइसेंस के मद्दे घरेलू खपत के लिए जारी किया जा सकता है जारी करने के समय लागू होने वाले सीमा-शुल्क भी अदा किए जाएंगे ।

एक वर्ष की अवधि अथवा उस बढ़ी हुई अवधि के बाद जिसकी मंजूरी सीमाशुल्क प्राधिकारी दें, वस्तुओं का आयातक, यदि वह घरेलू खपत हेतु वस्तुओं को जारी नहीं करता तो, इस नीति के प्रावधानों के अनुसार और जहां कहीं जरूरी हो लाइसेंस के मद्दे वस्तुओं का पुनः निर्यात कर सकता है ।

हरा चैनल सुविधा

21घ. महानिदेशक, विदेश व्यापार, सीमाशुल्क प्राधिकारियों के साथ विचार-विमर्श से, आयातकों और निर्यातकों की कतिपय श्रेणियों को हरा चैनल सुविधा प्रदान करने के लिए स्कीम अधिसूचित कर सकते हैं ताकि सीमा-शुल्क प्राधिकारी आयातकों और निर्यातकों की वस्तुओं की निकासी तीव्रता से सुनिश्चित कर सकें । स्कीम में निम्नलिखित बातें हो सकती हैं :—

(क) स्कीम के लाभों को उठाने के लिए पात्रता की शर्तें ;

(ख) आयातक/निर्यातक द्वारा लाइसेंसिंग प्राधिकारियों के पास किए गए सभी आवेदनों का तीव्रता से निपटान ;

(ग) बैंकों से अधिमान्य ऋण और अन्य सुविधाएं प्राप्त करना ;

(घ) निर्यात ऋण प्रतिभूति निगम (ईसी जीसी) और इस प्रकार की एजेंसियों से बीमा कवर प्राप्त करना ;

(ङ) आयातित/निर्यातित वस्तुओं के विवरण, मात्रा और मूल्य से संबंधित मूल बंदरगाह पर विनिर्दिष्ट एजेंसियों अथवा प्राधिकारियों द्वारा पोतलदान पूर्व निरीक्षण और प्रमाणन ; और

(च) आयात/निर्यात सरलीकरण से संबंधित कोई अन्य मामला ।

अध्याय पांच

आयात

मुक्त आयात

22. पूंजीगत माल, कच्चे माल, मध्यस्थों, संघटकों, उपभोज्य पदार्थों, अतिरिक्त पुर्जों, उपसाधित्रों, यंत्रों और अन्य माल का आयात बिना किसी प्रतिबंध के किया जा सकता है जब तक कि उनका आयात, आयात की निषेधात्मक सूची या इस नीति के किसी अन्य प्रावधान या उस समय के लिए किसी अन्य लागू कानून द्वारा नियंत्रित न हो ।

वास्तविक प्रयोक्ता शर्तें

23. पूंजीगत माल, कच्चा माल, मध्यस्थ, संघटक, उपभोज्य पदार्थ अतिरिक्त पुर्जे, उपसाधित्र, यंत्र और अन्य सामान जिनके आयात पर प्रतिबंध नहीं है उनका आयात किसी भी व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है चाहे वह वास्तविक प्रयोक्ता हो अथवा नहीं तथापि, यदि इनके आयात के लिए लाइसेंस की जरूरत हो, तो केवल वास्तविक प्रयोक्ता ही ऐसे माल का आयात तब तक कर सकता है जब तक कि लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा बंद न किया जाए ।

पुरानी पूंजीगत वस्तुओं का लाइसेंस के बिना आयात

25. सभी पुरानी पूंजीगत वस्तुओं, जिनका न्यूनतम शेष जीवन 5 वर्ष का हो, लाइसेंस के बिना वास्तविक प्रयोक्ता द्वारा आयात की जा सकती है ; वास्तविक प्रयोक्ता शर्त के साथ वस्तुओं की निकासी के समय वास्तविक प्रयोक्ता सीमाशुल्क प्राधिकारियों के पास प्रक्रिया पुस्तक के परिशिष्ट-II में दिए गए निर्धारित फार्म में इस आशय की स्व-घोषणा

करेंगे कि आयात की जाने वाली पुरानी वस्तुओं का न्यूनतम शेष जीवन पांच वर्ष है । यदि आयात की जाने वाली पुरानी वस्तुओं का लागत बीमा भाड़ा मूल्य रुपए एक करोड़ और उससे अधिक है तो वस्तुओं की निकासी के समय इस बारे में आयातक सीमाशुल्क प्राधिकारी के पास प्रक्रिया पुस्तक के परिशिष्ट-11 क में यथानिर्दिष्ट उनकी शाखाओं सहित किसी निरीक्षण और प्रमाणन एजेंसी से प्राप्त इस आशय का एक प्रमाणपत्र पेश करेंगे कि खरीद मूल्य उचित है ।

पुराना माल

29. पूंजीगत माल को छोड़कर सभी पुराने माल का आयात केवल इस संबंध में जारी किए गए किसी लाइसेंस अथवा सार्वजनिक सूचना के अनुसार ही किया जा सकता है ।

पुनः निर्यात आधार पर आयात

30. नए अथवा पुराने जग्स, फिक्सचर्स, डाईज और पैटर्नस (कन्टूर रोलर डाईज सहित), माउल्डस (डाई-कास्टिंग के लिए माउल्ड्स सहित) और मुद्रण औजार ; और निर्माण मशीनरी तथा अन्य उपस्करों के लिए सीमाशुल्क प्राधिकारियों की संतुष्टि के अनुसार बंधपत्र/बैंक गारंटी देने पर मरम्मत के लिए पूंजीगत माल का आयात किया जा सकता है । ऐसी वस्तुओं का न्यूनतम शेष जीवन पांच वर्ष होना जरूरी नहीं है ।

विदेश में मरम्मत कार्य और बिना लाइसेंस पुनः आयात

31. आयातित अथवा स्वदेशी जहाज समेत, पूंजीगत वस्तुओं के संघटक अतिरिक्त पुर्जे और एक्सेसरीज, चाहे आयातित हो या स्वदेशी, मरम्मत, परीक्षण, क्वालिटी सुधार अथवा तकनालॉजी के संवर्धन हेतु लाइसेंस के बिना विदेश भेजे जा सकते हैं लेकिन शर्त यह होगी कि पुनः आयात की जाने वाली वस्तुएं वही होनी चाहिए जिनका निर्यात किया गया था ।

प्रयुक्त मशीनरी और उपस्कर का आयात

33. विदेश में परियोजनाओं के पूरा हो जाने के बाद परियोजना ठेकेदार विदेशी परियोजना के लिए क्रय और इस्तेमाल का साक्ष्य प्रस्तुत करने के आधार पर बिना लाइसेंस के प्रयुक्त निर्माण उपस्कर, मशीनरी, संबंधित अतिरिक्त पुर्जे ऐसी मशीनरी के लागत बीमा भाड़ा मूल्य के 15% तक औजार तथा सहायक, करण आयात कर सकते हैं । विदेश में परियोजनाओं के पूरा होने के बाद प्रयुक्त कार्यालय उपस्कर तथा वाहन भी बिना लाइसेंस के आयात किए जा सकते हैं लेकिन शर्त यह होगी कि इनका कम से कम एक वर्ष तक इस्तेमाल किया जा चुका हो ।

उपहारों का आयात

34. उपहारों के आयात की अनुमति इस समय लागू असबाब नियमावली के अनुसार दी जाएगी । इस नीति के तहत वस्तुओं का आयात, जो कि अन्यथा मुक्त रूप से आयात योग्य है, भी सीमाशुल्क निकासी परमिट (सी सी पी) के बिना उपहारों के आयात के तौर पर अनुमित होगा । आवेदन करने पर लाइसेंसिंग प्राधिकारी, द्वारा मामले के गुणावगुण पर विचार करने के बाद आवश्यकता अनुसार सीमाशुल्क निकासी परमिट जारी किया जा सकता है ।

यात्री का असबाब

34क. वास्तविक घरेलू वस्तुओं और निजी सामान को यात्री के निजी सामान के तौर पर आयात किया जा सकता है ।

समुद्र में बिक्री

35. भारत में आयात हेतु समुद्र में वस्तुओं की बिक्री इस नीति अथवा इस समय प्रभावी किसी अन्य नियम के मद्दे की जा सकती है ।

अध्याय—छः

निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल स्कीम

स्कीम

37. निर्यात संवर्धन पूजीगत माल (ई पी सी जी) स्कीम के अन्तर्गत लाइसेंस से पूंजीगत माल का आयात किया जा सकता है ।

रियायती शुल्क पर आयात

38. नीचे दी गई तालिका के अनुसार रियायती दरों पर पूजीगत वस्तुओं (अतिरिक्त हिस्से पुर्जों सहित, पूंजीगत वस्तुओं के लागत बीमा भाड़ा मूल्य के 20% तक) का आयात किया जा सकता है बशर्ते निर्यात आभार समय पर पूरा कर लिया गया हो । निर्यात आभार पूरा करने की अवधि आयात लाइसेंस जारी होने की तारीख से शुरू हो जाएंगी :—

शुल्क	निर्यात आभार	अवधि
15% लागत बीमा भाड़ा मूल्य	4 गुना लागत बीमा भाड़ा मूल्य	5 वर्ष
शून्य शुल्क (लागत बीमा भाड़ा मूल्य 20 करोड़ रुपए या अधिक होने के मामले में)	6 गुना लागत बीमा भाड़ा मूल्य	8 वर्ष

निर्यात आभार जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के आधार पर होगा । तथापि, शून्य आयात शुल्क के मामले में, लाइसेंस

निर्यात आभार जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के आधार पर होगा। तथापि, शून्य आयात शुल्क के मामले में लाइसेंस धारक निर्यात आभार पूरा करने के लिए एन. एफ. ई. आधार पर पूंजीगत वस्तुओं के जहाज पर्यन्त निः शुल्क मूल्य के 4 गुना निर्यात 8 वर्षों के भीतर कर सकता है। इस नीति के पैरा-ग्राफ 138 के प्रावधान एन एफ ई. आधार पर निर्यात आभार की गणना हेतु लाग होंगे।

पात्रता

39. किसी विनिर्माता निर्यातक को इस स्कीम के तहत पूंजीगत माल का आयात करने का पात्र तभी माना जाएगा यदि वहां कम से कम तीन वर्ष से नियमित रूप से निर्यातकर रहा हो फिर भी, इस स्कीम के तहत पूंजीगत माल का आयात करने की अनुमति अन्य विनिर्माता निर्यातकों को गुण-दोष के आधार पर दी जाएगी, जो नए निर्यातक है अथवा जिनका निर्यात निष्पादन तीन वर्ष से कम अवधि का हो। इस स्कीम के अंतर्गत परीक्षण उपकरण, अनुसंधान एवं विकास उपकरण और पैकेजिंग मशीनरी तथा ऐसी अन्य मशीनरी या उपस्कर जैसा कि विनिर्दिष्ट किया जाए, का भी आयात किया जा सकता है।

पुरानी मशीनरी आयात करने के लिए शर्तें

40. स्कीम के तहत पूंजीगत वस्तुओं का आयात वास्तविक उपयोक्ता शर्त के अधीन होगा जब तक कि निर्यात आभार पूरा नहीं हो जाता। स्कीम के तहत नई और पुरानी दोनों पूंजीगत वस्तुओं का आयात किया जा सकता । पुरानी पूंजीगत वस्तुओ के मामले में, आयातक माल की निकासी के समय सीमाशुल्क पर प्रक्रिया पुस्तक खण्ड-1 के परिशिष्ट 2 में दिए गए प्रपत्र में इस आशय की घोषणा प्रस्तुत करेगा कि जिन पुरानी पूंजीगत वस्तुओं का आयात किया जा रहा है उनकी न्यूनतम शेष अवधि 5 वर्ष है। तथापि, यदि पुरानी पूंजीगत वस्तुओं का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य 1 करोड़ रु० और इससे अधिक है तो आयातक प्रक्रिया पुस्तक खण्ड-1 के परिशिष्ट II-क में यथा निर्धारित निरीक्षण एवं प्रमाणन अभिकरणों उनकी सभी शाखाओं सहित, में से किसी से इस तथ्य के सत्यापन संबंधी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगा कि पूंजीगत वस्तुओं की शेष अवधि और लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य में यथा-प्रतिबिम्बित खरीद मूल्य युक्तियुक्त है शून्य शुल्क आयातों के मामले में पुरानी पूंजीगत वस्तुओं का न्यूनतम शेष जीवन का 10 वर्ष होगा। लाइसेंसिंग प्राधिकारी अलग-अलग मामलों में ऐसी शर्तें भी निर्धारित कर सकते हैं जैसी वे उचित समझें।

निर्यात आभार

निर्यात आभार

41. स्कीम के अंतर्गत निर्यात आभार पूरा करने के लिए निम्नलिखित शर्तें लागू होंगी :—

(1) स्कीम के अन्तर्गत आयातित पूंजीगत वस्तुओं के उपयोग द्वारा विनिर्मित या उत्पादित वस्तुओं के निर्यात द्वारा निर्यात आभार पूरा किया जाएगा।

(2) आयातक के नाम में निर्यात सीधा निर्यात होगा। तथापि आयात तीसरी पार्टी के माध्यम से निर्यात कर सकता है बशर्ते आयातक/लाइसेंस-धारक का नाम शिपिंग बिल में बताया जाए। यदि व्यापारी निर्यातक, आयातक है तो, निर्माता का नाम भी शिपिंग बिल में बताया जाए;

(3) निर्यात लाभ, मुक्त रूप से परिवर्तनीय मुद्रा में प्राप्त होंगे;

(4) निर्यात वास्तव में निर्यात होंगे। अभिग्रहीत निर्यात, निर्यात आभार को पूरा करने के लिए ध्यान में रखा जाएगा किन्तु लाइसेंसधारक ऐसे अभिग्रहीत निर्यातों के संबंध में इस नीति के पैरा 122 के अधीन किसी भी लाभ का दावा करने का हकदार नहीं होगा।

(5) निर्यात आभार, आयातक द्वारा लिए गए किसी अन्य निर्यात आभार के अतिरिक्त होगा तथा विगत तीन लाइसेंसिंग वर्षों में उसके द्वारा प्राप्त किए गए उसी उत्पाद के निर्यातों के औसत स्तर से ज्यादा होगा। यदि निर्यातक संबंधित निर्यात उत्पाद के उत्पादन के वार्षिक मूल्य के 75% निर्यात कर लेता है तो, इस स्कीम के अधीन निर्यात आभार निर्यात के अंतर्गत शामिल कर लिया जाएगा; बशर्ते तथापि विनिर्दिष्ट अवधि के दौरान ऐसे निर्यातों का कुल मूल्य, इस नीति के पैराग्राफ 38 के अंतर्गत निर्धारित निर्यात आभार के कुल मूल्य से कम नहीं होगा।

(6) जहां विनिर्माता निर्यातक ने उसी निर्यात के लिए इस स्कीम और शुल्क मुक्त स्कीम दोनों के अंतर्गत लाइसेंस लिए हैं; शुल्क मुक्त स्कीम के तहत किए वास्तविक निर्यात इस स्कीम के तहत निर्यात आभार को पूरा के लिए भी गिना जाएगा और

(7) कम्प्यूटर साफ्टवेयर के मामले में, निर्यात आभार का निर्धारण इस नीति के पैराग्राफ 38 के अनुसार किया जाएगा परन्तु यह शर्त कि निर्यात विगत तीन लाइसेंसिंग वर्षों में निर्यातों के औसत स्तर से ज्यादा होगा लागू नहीं होगा।

अध्याय 6-क

सेवा क्षेत्र के लिये निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल स्कीम

हटा दिया गया।

अध्याय—सात

शुल्क मुक्त स्कीम

शुल्क मुक्त स्कीम

47. शुल्क मुक्त स्कीम के अंतर्गत निर्यात उत्पादन के उद्देश्य के लिय शुल्क मुक्त कच्चे माल, संघटकों, मध्यस्थों, उपभोज्य पुर्जों, अतिरिक्त पुर्जों, जरूरी स्पेयर्स (जो लाइसेंस के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य का 5 प्रतिशत से अधिक न हो, पैकिंग सामग्रियों और कम्प्यूटर साफ्टवेयर (जिसे इसके बाद से "इनपुटस" कहा जायगा) जो निर्यात किय जाने वाले उत्पाद के लिए अपेक्षित हैं, के लिए इस अध्याय में उल्लिखित लाइसेंसों की श्रेणियों के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा संसाधित और निर्यात किए जाने हेतु शुल्क मुक्त रूप से अनुमति दी जायेगी ।

तथापि ऐसे निवेशों के लिए आयात के समय अतिरिक्त सीमाशुल्क का भुगतान किया जायेगा । उक्त अतिरिक्त सीमाशुल्क का निम्न रीति से समायोजन किया जायेगा ।

(क) यदि आयातक निर्यात के माल के उत्पादन हेतु निवेश का इस्तेमाल करता है, जिसके लिए अन्यथा उत्पादन शुल्क देना आवश्यक है, तो वह इस प्रकार प्रदत्त अतिरिक्त सीमाशुल्क के संबंध में मोडवेट ऋण का लाभ, उसकी फैक्टरी में उक्त निवेश के तत्काल पहुंचने पर, उठा सकता है ।

(ख) यदि आयातक, निर्यात के माल के उत्पादन के लिए निवेश का इस्तेमाल करता है, जो अन्यथा उत्पाद शुल्क से मुक्त है या जो मोडवेट लाभ पाने के योग्य नहीं हैं, तो वह इस प्रकार प्रदत्त अतिरिक्त सीमाशुल्क के संबंध में अपनी फैक्टरी में आ रहे निवेश को तत्काल बाद ड्रा बैक (वापसी) का दावा कर सकता है ।

(ग) यदि आवश्यक उत्पाद शुल्क के माल पर घरेलू बिक्री क्षेत्र (डी टी ए) में निर्माण और बिक्री हेतु निवेश का इस्तेमाल करता है तो इस प्रकार प्रदत्त अतिरिक्त सीमाशुल्क के संबंध में फैक्टरी के गेट से उक्त उत्पाद शुल्क माल के जाने ही मोडवेट के लिये दावा कर सकता है ।

(घ) यदि आयातक घरेलू बिक्री क्षेत्र के माल के निर्माण और बिक्री के लिये निवेश का इस्तेमाल करता है जिस पर सीमाशुल्क नहीं लगता है और जो मोडवेट लाभ के लिये पात्र नहीं है तो वह इस प्रकार प्रदत्त अतिरिक्त सीमाशुल्क हेतु किसी किस्म की छूट और समायोजन का पात्र नहीं होगा ।

ऊपर उल्लिखित किसी भी बात के बावजूद, 1-4-1996 को या उसके बाद दिये गए आवेदन पत्रों पर, डी०ई०ई०सी० पर पृष्ठांकित सहायक विनिर्माता (ओं) के नाम के साथ व्यापारी निर्यातकों की वास्तविक उपयोक्ता शर्त के साथ जारी मात्रा आधारित अग्रिम लाइसेंसों के संबंध में अतिरिक्त सीमाशुल्क के भुगतान से छूट की अनुमति होगी ।"

अग्रिम लाइसेंस

48. शुल्क मुक्त आयात करने के लिये अग्रिम लाइसेंस दिए जायेंगें । निविष्टियों के ऐसे लाइसेंस, लाइसेंस जारी करने की तारीख को निर्धारित समयबद्ध निर्यात आधार को पूरा करने तथा मूल्य संयोजन की शर्त जो भी निर्धारित की गई हो, के अधीन न होंगे । अग्रिम लाइसेंस या तो मूल्य आधारित होंगे अथवा मात्रा पर आधारित होंगे :

शुल्क मुक्त स्कीम के अंतर्गत जारी किए गए लाइसेंस मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा में विनियमित किए जायेंगे । लाइसेंसों में निर्यातों का पोत पर्यन्त निशुल्क मूल्य और आयातों का लागत बीमा भाड़ा मूल्य मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा में निर्दिष्ट किया जायेगा । लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य लाइसेंस जारी करने की तारीख को विनिमय दर पर कोष्ठक में भारतीय रुपयो में विनिर्दिष्ट किया जायेगा ।

तथापि अग्रिम इन्टरमीडिएट लाइसेंस और विशेष अग्रदाय लाइसेंस के मामले में जहां सप्लाई की गई, किए गए माल का भुगतान भारतीय रुपयों में प्राप्त किया जायेगा वहां पोत प्रर्यन्त निशुल्क मूल्य भारतीय रुपयों में विनिर्दिष्ट होगा और आयातों का लागत बीमा भाड़ा मूल्य इन लाइसेंसों पर मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा में विनिर्दिष्ट होगा ।

मूल्य आधारित अग्रिम लाइसेंस

49. मूल्य आधारित अग्रिम लाइसेंस के अंतर्गत लाइसेंस में विनिर्दिष्ट किसी भी निवेश का उन निवेशों के लिये उल्लिखित समग्र लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के भीतर आयात किया जा सकता है । इसमें संवेदनशील मदों के रूप मे विनिर्दिष्ट निवेश शामिल नहीं है । यदि किसी संवेदनशील मद का आयात नहीं किया जाता है तो उक्त मद के सामने उल्लिखित मूल्य का गैर-संवेदनशील मदों के आयात के लिये इस्तेमाल किया जा सकता है । एक संवेदनशील मद का आयात केवल लाइसेंस में विनिर्दिष्ट मात्रा या मूल्य की सीमा तक किया जा सकता है । तथापि, आयातक को संवेदनशील मद के मद्दे 20 प्रतिशत की सीमा तक उल्लिखित मात्रा या मूल्य के लिये, जैसी भी स्थिति हो, लाइसेंस के समग्र लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य की शर्त पर उल्लिखित मात्रा या मूल्य सीमा से अधिक संवेदनशील मद के आयात की नम्यता की जायेगी ।

तथापि मूल्य आधारित अग्रिम लाइसेंस के अंतर्गत प्राप्त किया जाने वाला निर्यात का दोनों मात्रा और पोत पर्यन्त निशुल्क मूल्य विनिर्दिष्ट होगा ।

मूल्य आधारित अग्रिम लाइसेंस

मूल्य आधारित अग्रिम लाइसेंस में निम्नलिखित विशिष्टीकृत होगा :—

(क) आयात और निर्यात की जाने वाली मदों के नाम और विवरण

(ख) आयात का लागत बीमा भाड़ा मूल्य

(ग) निर्यात उत्पाद का जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य और

(घ) संवेदनशील मदों के बारे में, अथवा जहां सक्षम प्राधिकारी ऐसा करना आवश्यक समझें, प्रत्येक संवेदनशील मद की मात्रा एवं लागत-बीमा भाड़ा मूल्य का उल्लेख भी लाइसेंस में निर्धारित किया जायेगा।

मात्रा पर आधारित अग्रिम लाइसेंस

50. मात्रा पर आधारित अग्रिम लाइसेंस में निम्नलिखित विनिर्दिष्ट होगा :—

(क) आयात एवं निर्यात किये जाने वाली मदों के नाम व विवरण

(ख) आयात की जाने वाली प्रत्येक मद की मात्रा अथवा यदि मात्रा का उल्लेख न किया जा सकता हो तो उस मद का मूल्य

(ग) आयात किए जाने वाली मद का लागत बीमा-भाड़ा मूल्य

(घ) निर्यात की मात्रा और जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य और

(ङ) मूल्य संयोजन

निवेश उत्पाद और मूल्य संयोजन मानदण्ड

51. दोनों मूल्य आधारित और मात्रा आधारित अग्रिम लाइसेंस देने के लिए आयात निर्यात के मानक निवेश उत्पाद मानदण्ड और मूल्य आधारित लाइसेंसों के लिये मूल्य संयोजन मानदण्ड महानिदेशक, विदेश व्यापार द्वारा प्रकाशित प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड–2) के अनुसार होंगे। तथापि मात्रा आधारित अग्रिम लाइसेंसों के संबंध में जिनके लिये ऐसे मानक निवेश उत्पाद मानदण्ड प्रकाशित नहीं किये गए हैं, सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा विनिर्दिष्ट मात्रात्मक मानदण्ड रखे जायेंगे।

52. विशेष अग्रदाय लाइसेंसिंग समिति की सिफारिश पर महानिदेशक, विदेश व्यापार अतिरिक्त मदों के लिये मानदण्ड निर्धारित कर सकते हैं या उनमें संशोधन कर सकते हैं।

विशेष स्कीमें

53. महानिदेशक, विदेश व्यापार ग्रांड बैन्डिंग मूल्य संयोजन या आयातों की शर्त के अनुरूप निर्यातकों की अधिकाधिक नम्यता प्रदान करने के लिये निर्यात उत्पादों की की एक श्रेणी या ग्रुप के लिये मात्रा या मूल्य आधारित अग्रिम लाइसेंसों के लिए आवश्यक समझी जाने वाली शर्त सहित सार्वजनिक सूचना द्वारा एक विशेष स्कीम प्रकाशित करेंगे।

पास बुक स्कीम

54. निर्यातकों की कुछ श्रेणियों के लिये एक पास बुक स्कीम उपलब्ध होगी। एक विनिर्माता-निर्यातक या एक निर्यातक जिसे निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार सदन/सुपर स्टार सदन प्रमाणपत्र दिया गया है इस पास बुक स्कीम का लाभ उठा सकता है। वह पास बुक जारी करने के लिए निर्धारित प्रपत्र में नामजद प्राधिकारी को आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। नामजद प्राधिकारी यथानिर्दिष्ट ऐसे मामलों पर विचार करने के बाद आवेदक को पास बुक जारी कर सकता है। पास बुक स्कीम केवल निर्यात उत्पादों के लिये लागू होगी जहां मानक निवेश/उत्पाद मानदण्ड प्रकाशित किये गये हैं। महानिदेशक, विदेश व्यापार एक नामजद प्राधिकारण को नियुक्त करेंगे जो दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता और मद्रास तथा ऐसे अन्य सीमाशुल्क कार्यालय जो इस बारे में उनके द्वारा विनिर्दिष्ट किए जायेंगे में उप-महा-निदेशक के ओहदे से कम नहीं होंगे। यह नामजद प्राधिकारी पासबुक योजना से संबंधित मामलों में सक्षम प्राधिकारी होगा और वह सीमाशुल्क समाहर्ता के नियोजन में समग्र कार्य करेगा।

"पासबुक धारक द्वारा माल का निर्यात करने पर नामजद प्राधिकारी प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड–2) में पैकिंग मैटीरियल के लिए सामान्य टिप्पणी में यथा-उल्लिखित पैकिंग मैटीरियल उक्त निर्यात का माना गया आयात अंश और ऐसे आयात पर मानक निवेश/उत्पादन मानदण्ड के आधार पर अदा किये जाने वाले आधारभूत सीमाशुल्क को तय करने के लिये गणना करेगा। वह पास बुक में उक्त राशि क्रेडिट करेगा। पासबुक धारक द्वारा किये गए आयातों पर ऋण का इस्तेमाल मूल आयातित माल पर मूल सीमाशुल्क का भुगतान करने के लिए किया जायेगा। भुगतान नामजद प्राधिकारी द्वारा पासबुक में डैबिट प्रविष्टि करके किया जायेगा। पासबुक धारक को अतिरिक्त सीमा-शुल्क की अदायगी पासबुक के अधीन उपलब्ध क्रेडिट के मद्दे उसके समायोजन के बदले नकद करने का भी विकल्प होगा। निर्यात का माल निवेश के लिए जिस पर पासबुक में से क्रेडिट लिया जाता है, शुल्क वापसी के योग्य नहीं माना जायेगा। आयात और निर्यात उसी पत्तन से किया जायेगा। कोई भी माल जो आयात की निषेधात्मक सूची में शामिल नहीं है इस स्कीम के अधीन आयात किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, पासबुक के अधीन उपलब्ध क्रेडिट का उपयोग भी मुक्त रूप से हस्तान्तरणीय विशेष आयात लाइसेंसों के मुद्दे प्रक्रिया पुस्तक के परिशिष्ट 35 के अधीन अनुमति माल का आयात करते हुए सीमाशुल्क की अदायगी के लिए किया जा सकता है। यह पास-बुक जारी करने की तारीख से दो वर्षों के लिए वैध होगी और समय-समय पर इसका नवीकरण किया जायेगा। उपरोक्त किसी बात के होते हुए भी महानिदेशक विदेश व्यापार समय-समय पर निर्दिष्ट करके पासबुक स्कीम से किसी भी श्रेणी अथवा वर्ग के माल के प्रचालन को बन्द कर सकते हैं।

अग्रिम मध्यवर्ती लाइसेंस

55. मध्यवर्ती निर्माता द्वारा निवेश के शुल्क मुक्त आयात के लिए एक अग्रिम मध्यवर्ती लाइसेंस अंतिम निर्माता को या पात्र अभिगृहीत निर्यातक को जो पात्र शुल्क मुक्त स्कीम के अंतर्गत आता है, सप्लाई करने के लिये दिया जाता है । मध्यवर्ती लाइसेंस धारक एक विनिर्दिष्ट अवधि के अंदर शुल्क मुक्त योजना के तहत लाइसेंसधारी को सप्लाई करेगा। एक अग्रिम मध्यवर्ती लाइसेंस आम तौर पर मात्रा आधारित होगा और जहां इस संबंध में एक स्कीम को महानिदेशक, विदेश व्यापार द्वारा अधिसूचित किया गया है, मूल्य आधारित होगी।

"उल्लेख की गई मात्रा से अधिक संवेदनशील मद के आयात में नम्यता के लाभ पैराग्राफ 49 में 20 प्रतिशत दिये गए हैं । यह अग्रिम मध्यवर्ती लाइसेंस के अधीन भी अनुमेय होंगे ।"

विशेष अग्रदाय लाइसेंस

56. पैरा 121(अ), (घ), (ङ), (च) और (छ) में दी गई श्रेणियों के तहत माल के निर्माण और सप्लाई के लिए मुख्य/उप संविदाकार को निवेश के शुल्क मुक्त आयात के लिए एक विशेष अग्रदाय लाइसेंस दिया गया है ।

56क. संयुक्त राष्ट्र संघ या संयुक्त राष्ट्र के सहायता कार्यक्रम के अधीन या अन्य बहुपक्षीय अभिकरणों को आपूर्ति के लिए विशेष अग्रदाय लाइसेंस भी प्रदान किये जाते हैं और जिसका भुगतान विदेशी मुद्रा में किया गया है ।

57. विशेष अग्रदाय लाइसेंस मात्रा पर आधारित होंगे।

जाबिंग, मरम्मत आदि का पुर्ननिर्यात हेतु

58. जाबिंग, मरम्मत, सर्विसिंग, पुनर्भण्डारण, रिकंडीशनिंग या नवीनीकरण के प्रयोजन के लिये पुराने पूंजीगत माल सहित माल का आयात अग्रिम सीमाशुल्क निकासी परमिट (अग्रिम सीमाशुल्क निकासी परमिट) के बिना किया जा सकता है । "पैटर्न, ड्राइंग, जिग्स, टूल्स, फिक्सचर्स, मोल्ड, टैकल, कम्प्यूटर हार्डवेयर, साफ्टवेयर उपकरण और हैंगर्स का आयात भी किया जा सकता है यदि वे निर्यात आदेश में सीधे ही सम्बन्धित हैं और विदेशी क्रेता द्वारा निःशुल्क दिये गए हैं । इस प्रकार के आयात सीमाशुल्क प्राधिकारियों की सन्तुष्टि के लिए एक बांड के अन्तर्गत और ऐसी शर्तों के अधीन जैसा कि समय-समय पर सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट की जाएं । इस प्रकार आयातित किया गया सारा माल पुनर्निर्यात किया जायेगा । इस प्रकार प्राप्त मूल्य संयोजन दस प्रतिशत से कम नहीं होगा । आयातित पैटर्न ड्राइंग, जिग्स, टूल्स, फिक्सचर्स, मोल्ड्स, टैक्स, कम्प्यूटर हार्डवेयर, और उपकरणों को अपने पास रखने के लिये अनुरोध निर्यात दायित्व को पूरा करने के बाद प्रस्तुत किया जा सकेगा और इसकी अनुमति आयात की तारीख पर लगने वाले सीमाशुल्क के भुगतान के अध्यधीन अग्रिम लाइसेंसिंग समिति द्वारा प्रदान की जा सकेगी ।

पात्रता

59. कोई मर्चेन्ट निर्यातक अथवा विनिर्माता निर्यातक जिसके पास आयातक-निर्यातक कोड सं० एक आर सी एम सी और निश्चित निर्यात आर्डर/साख पत्र हो, वह शुल्क मुक्त लाइसेंसों के लिये आवेदन कर सकेगा । निर्यात दायित्व को पूरा करने की जिम्मेदारी पूर्णतया आवेदक निर्यातक के ऊपर होगी।

तृतीय पार्टी निर्यात

59क. शुल्क मुक्त लाइसेंस धारक सीधे ही अथवा किसी तृतीय पार्टी के जरिये निर्यात कर सकेगा और निर्यात दायित्व को पूरा करेगा । इसी तीसरी पार्टी के जरिये निर्यात के मामले में निर्यात से संबंधित सभी दस्तावेजों में विनिर्माता और तीसरी पार्टी दोनों के नाम दर्शाए गये हों किन्तु ऐसे निर्यात के संबंध में लाभों का दावा केवल तीसरी पार्टी द्वारा अकेले ही किया जा सकेगा ।

मूल्य संयोजन

60. पैरा 51 में दिए निवेश उत्पादन मानदंडों में यथानिर्दिष्ट मूल्य संयोजन मानदंड मूल्य आधारित अग्रिम लाइसेंस पर लागू होंगे । मात्रा पर आधारित अग्रिम लाइसेंस के मामले में उसी उत्पाद के लिए मूल्य आधारित अग्रिम लाइसेंस में यथानिर्दिष्ट मूल्य संयोजनों का 66% मूल्य संयोजन, न्यूनतम 33 प्रतिशत मूल्य संयोजन की शर्त पर प्राप्त किया जाएगा । तथापि अग्रिम लाइसेंस समिति कम मूल्य संयोजन पर भी मात्रा आधारित अग्रिम लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आवेदनों पर विचार कर सकता है ।

मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा पर आधारित निर्यात

61. निर्यात जिनका भुगतान मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा में प्राप्त नहीं हुआ है प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1) के परिशिष्ट-13 में यथा-निर्धारित मूल्य संयोजनों के आधार पर होंगे । तथापि, विदेश व्यापार महानिदेशालय माल के ऐसे वर्ग श्रेणी के सम्बन्ध में कम मूल्य संयोजन जो 75% से कम न हों, इस बारे में जैसा भी निर्धारित किया जाए की अनुमति दे सकता है ।

उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत लाइसेंस

62. निर्यातक विशेष निर्यात आदेशों के मुद्दे शुल्क मुक्त लाइसेंसों के लिए आवेदन कर सकते हैं विशेष अग्रदाय लाइसेंसों के अतिरिक्त निर्यातक शुल्क मुक्त लाइसेंसों के लिए भी बिना निर्यात आदेश के आवेदन कर सकते हैं । उन्हें निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन लाइसेंस प्रदान किये जाएंगे :—

(क) नियमित निर्यात निष्पादन वाले निर्यातक के लिए लाइसेंस का मूल्य गत तीन वर्षों में उनके द्वारा किए गए अभिगृहीत निर्माण सहित निर्यातों की औसत पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 25 प्रतिशत

से अधिक नहीं होगा । किसी अन्य निर्यातक के मामले में लाइसेंस का मूल्य गत तीन लाइसेंसिंग वर्षों में उनके निर्यात के औसत पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी, बशर्ते कि औसत टर्न ओवर 5 करोड़ से अधिक नहीं हो ।

(ख) ऐसे लाइसेंस केवल मात्रा पर आधारित होंगे ।

उपरोक्त सुविधा विशेष निर्यात आदेशों के मद्दे प्रदान किए गए शुल्क मुक्त लाइसेंसों के अतिरिक्त होगी ।

62-क. एक निर्यातक जो नियमित निर्यात निष्पादन रखता है, विशिष्ट निर्यात आदेशों के मद्दे उसकी हकदारी के बदले गत तीन लाइसेंसिंग वर्षों में उसके अभिग्रहीत निर्यात सहित निर्यात के औसत पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 150 प्रतिशत के बराबर उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत मात्रा पर आधारित अग्रिम लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकता है । इस पैरा के अंतर्गत लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाला निर्यातक उपरोक्त पैरा 62 के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त करने के लिए हकदार नहीं है ।

62-ख. निर्यातक के आवेदन पर लाइसेंसिंग प्राधिकारी उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत लाइसेंस दे सकता है जब तक निर्यात पूरा न किया गया हो ।

निर्यात आभार

63. शुल्क मुक्त लाइसेंस के अंतर्गत निर्यात आभार पूरा करने की अवधि लाइसेंस जारी करने की तारीख से प्रारंभ होगी । आरोपित निर्यात आभार 12 महीने की अवधि के भीतर पूरा करना होगा बशर्ते कि परियोजना के निष्पादन की निविदा अवधि के दौरान निर्यात आभार पूरा किया गया हो ।

अग्रिम रिलीज आदेश

64. शुल्क मुक्त लाइसेंसधारी (स्थानांतरित सहित) को यह विकल्प है कि वह या तो सीधे लाइसेंस के मद्दे अनुमित मदों का आयात करें अथवा देशीय स्रोतों से सरणीबद्ध अभिकरणों/निर्यात अभिमुख एकक/ई पी जैड ई एच टी पी/एस टी पी यूनिटों, विदेशी मुद्रा/भारतीय रुपये में पुनः नामित अग्रिम रिलिज आदेशों के मद्दे प्राप्त कर सकते हैं । जिस लाइसेंसिंग प्राधिकारी ने शुल्क मुक्त लाइसेंस जारी किया है आवेदन करने पर वह अग्रिम रिलीज आदेश प्राप्त कर सकता है ।

मूल्य पर आधारित लाइसेंस के मामले में संवेदनशील और गैर संवेदनशील मदों के मामले में मूल्य पर आधारित लाइसेंस में दर्शाई गई मदों के लिए कोई भी अग्रिम रिलीज आदेश मात्रा पर आधारित लाइसेंस प्रदान किया जा सकता है, दर्शाई गई मात्रा से अधिक संवेदनशील मद के आयात में छूट का लाभ अग्रिम रिलीज आदेश के अंतर्गत अनुमेय पैरा 49 के प्रावधानों में 20% दिया जा सकता है ।

बैंक-टू-बैंक सुविधा

शुल्क मुक्त लाइसेंसधारी (स्थानांतरित सहित) अग्रिम रिलीज आदेश के लिए आवेदन करने के बदले बैंक टू बैंक सुविधा का लाभ उठा सकता है । ऐसे मामले में लाइसेंसधारी देशीय आपूर्तिकर्ता के पक्ष में साखपत्र खोल सकता है । बैंक एक पृष्ठांकन करेगा कि शुल्क मुक्त लाइसेंस का मूल्य साखपत्र के मूल्य के बराबर कम कर दिया गया है । इस आशय का पृष्ठांकन मुद्रा विनिमय प्रति के साथ-साथ शुल्क मुक्त लाइसेंस की सीमाशुल्क प्रतिलिपि एवं डी ई ई सी पर किया जाएगा । देशीय आपूर्तिकर्ता इस आशय के लिए खोले गए साखपत्र पर माल की आपूर्ति करेगा । अभिग्रहीत निर्यात लाभ की हकदारी के लिए देशीय आपूर्तिकर्ता साखपत्र की (मूल) प्रतिलिपि के साथ-साथ मुक्त लाइसेंस की प्रति प्रस्तुत करेगा जो कि संबंधित बैंक द्वारा पृष्ठांकित की गई हो तथा उक्त दस्तावेज प्रत्येक कार्य के लिए अग्रिम रिलीज आदेश माने जाएंगे ।

65. पहले से ही आयातित सीमाशुल्क से माल की निकासी पोत में लादा गया/प्राप्त माल जो सीमाशुल्क द्वारा निकासी नहीं की गई है तो वह माल बाद में जारी शुल्क मुक्त लाइसेंस के मद्दे मुक्त कर दिया जाएगा ।

लाइसेंस की प्रत्याशा में निर्यात

66. लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा इस स्कीम के अंतर्गत आवेदनपत्र की प्राप्ति की तारीख से किए गए निर्यात/आपूर्ति को निर्यात आभार की स्वीकृति हेतु स्वीकार करेंगे । यदि आवेदन अनुमोदित कर दिया जाता है तो पहले से किए गए अनन्तिम निर्यात के औसत में लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा आवेदन प्राप्ति की तारीख को लागू इनपुट आउटपुट मानदंडों एवं मूल्य संयोजन मानदंडों के आधार पर लाइसेंस जारी कर दिया जाएगा जब तक कि कोई संशोधन प्राप्त नहीं हो जाता है । बकाया निर्यातों के लिए लाइसेंस के जारी होने की तारीख को लागू नीति/प्रक्रिया लागू होगी । शुल्क मुक्त जहाजरानी बिलों को ड्राफ्ट बैंक शिपिंग बिल में परिवर्तित करने के लिए सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा अनुमति दी जाएगी बशर्ते कि लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा आवदन को निरस्त या तबदील कर दिया गया हो । शुल्क मुक्त लाइसेंस प्रदान करने के लिए प्रत्याशा में किए गए निर्यात/आपूर्ति पूर्णतया निर्यातक के जोखिम एवं उत्तरदायित्व पर होंगी तथा ऐसे निर्यात/आपूर्ति प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 126 तथा नीति के पैरा 67 में यथा निर्धारित शर्तों के अध्यधीन होंगे ।

अग्रिम लाइसेंस को ट्रांसफर करना

67. निर्यात आभार पूर्ण होने पर, निर्यात वसूली पूरी कर लेने पर बैंक गारंटी/विधिक बचनबद्धता की निमुक्ति पर मूल्य और गुणवत्ता पर आधारित अग्रिम लाइसेंसों या उनके मद्दे आयातित सामग्री मुक्त रूप से स्थानान्तरणीय होगी । एक मात्रा आधारित अग्रिम लाइसेंस (विशेष अग्रिम लाइसेंस को छोड़कर) या इसके मद्दे आयातित सामग्री का

बैंक गारंटी/विधिक वचनबद्धता के पूरा होने पर निर्यात आभार के बाद मुक्त रूप से अंतरण किया जा सकता है।

एसीटिक एनीहाइड्राइड, एफिड्राइन और सूडो एफिड्राइन के आयात के लिए शुल्क मुक्त लाइसेंस का अंतरण नहीं किया जाएगा और मदें जो ऐसे आयात की गई हैं उन्हें लाइसेंसधारक द्वारा न तो बेचा जाएगा या अन्यथा निपटाय जाएगा।

68. हटा दिया गया है।

निषिद्ध मदें

69. आयात की निषध सूची में निषिद्ध मदों का स्कीम के अन्तर्गत आयात नहीं किया जाएगा।

निर्यात नीति का अनुपालन

69-क. इस स्कीम के तहत जारी लाइसेंसों के मुद्दे किए गए निर्यात नीति के अध्याय 11 और प्रक्रिया पुस्तक खण्ड-1 के अध्याय-11 के प्रावधानों के अधीन होंगे।

"पुन: आयात

69-ख. इस स्कीम के तहत निर्यात किए गए माल को मूल रूप में या यथेष्ठ मूल रूप में समय-समय पर अधिसूचित की जाने वाली शर्तों के अधीन पुनः आयात किया जा सकता है।"

70. हटा दिया गया।

शुल्क वापसी की स्वीकार्यता

70-क. शुल्क मुक्त लाइसेंस के मामले में शुल्क वापसी किसी भी बल्क प्रदत्त सामग्री के लिए उपलब्ध नहीं होगी चाहे वह आयातित मद हो या स्वदेशी। यह शुल्क वापसी शुल्क प्रदत्त सामग्री की मात्रा और मूल्य तक सीमित होगी।

71. यदि शुल्क मुक्त लाइसेंस के अंतर्गत कोई भी धारक लाइसेंस की किसी भी शर्त का उल्लंघन करता है या निर्यात आभार को पूरा करने में असमर्थ रहता है तो उसके विरुद्ध अधिनियम के तहत बनाए गए नियमों और आदेशों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

72. हटा दिया गया

73. हटा दिया गया

74. हटा दिया गया

75. हटा दिया गया

76. हटा दिया गया

मूल्य संयोजन

77. इस अध्याय के प्रयोजन के लिए "मूल्य संयोजन" के अनुसार होगा :

$$\frac{\text{ए—बी}}{\text{बी}} \times 100$$ जहां

बी ए मूल्य संयोजन है

ए—लाइसेंस में शामिल उत्पाद के निर्यात से वसूल किया गया जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य है और

बी—लाइसेंस में शामिल आयातित निवेश का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य और अन्य प्रयुक्त आयातित सामग्री शामिल है।

अध्याय—आठ

हीरे, रत्न और जेवरात निर्यात संवर्धन स्कीमें

रत्न और जेवरात के लिए स्कीम

78. रत्न और जेवरात निर्यातक इस सम्बन्ध में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार सक्षम प्राधिकारी से प्रतिपूर्ति लाइसेंस और हीरे/डी टी सी अग्रदाय अनुज्ञापत्र प्राप्त करके अपने निवेशों का आयात कर सकते हैं।

प्रतिपूर्ति लाइसेंस

79. परिशिष्ट एक में सूचीबद्ध रत्न और जेवरात उत्पादों के निर्यातक, अपने निवेशों के आयात और प्रतिपूर्ति के लिए उक्त परिशिष्ट में उल्लिखित दर पर और उसमें दी गई मदों के लिए, प्रतिपूर्ति लाइसेंस प्रदान किए जाने के पात्र होंगे। इस प्रकार के लाइसेंस हस्तान्तरणीय होंगे। हीरे/डी टी सी अग्रदाय लाइसेंसों के मद्दे निर्यात आभार को पूर्ण करने के लिए किया गया निर्यात इस लाभ के लिए पात्र नहीं होगा।

हीरे और डी०टी०सी० अग्रदाय लाइसेंस

80. कटे हुए और पालिश किए हुए हीरों के निर्यात के लिए तथा अपरिष्कृत हीरों के आयात के लिए हीरा और डी टी सी अग्रदाय लाइसेंस अग्रिम रूप में जारी किए जा सकते हैं। इन लाइसेंसों या उनके मुद्दे आयात की गई सामग्री का निर्यात आभार पूर्ण करने के बाद मुक्त रूप से स्थानान्तरण किया जा सकता है। ये लाइसेंस प्रतिपूर्ति के 65 प्रतिशत के विलोम अनुपात में निर्धारित निर्यात आभार वहन करेंगे, अर्थात् यदि लाइसेंस 65 अमरीकी डालर के लागत बीमा भाड़ा मूल्य के लिए जारी किया जाता है, तो निर्यात आभार का जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य 100 अमरीकी डालर होगा। छूट प्रदान करते समय लाइसेंसधारी की वास्तविक हकदारी की उक्त परिशिष्ट में दिए गए समान निर्यात उत्पादों के लिए अनुमित प्रतिपूर्ति दरों के सन्दर्भ में पुनः गणना की जा सकती है। इस प्रकार की पुनः गणना करने से, यदि लाइसेंसधारी की हकदारी 65 अमरीकी डालर से अधिक बनती है (जैसा कि उपर्युक्त उदाहरण में दर्शाया गया है) तो लाइसेंसिंग प्राधिकारी अपरिष्कृत हीरों के आयात हेतु, इस मूल्य के बराबर, जो भी 65 अमरीकी डालर से अधिक हो, प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी करेंगे।

हीरा अग्रदाय लाइसेंस

81. कोई निर्यातक निम्नलिखित अनुसार लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकता है :

(क) यदि उसने पिछले तीन वर्षों से कम समय में कटे हुए और पालिश किए हुए हीरों का निर्यात किया है, तो स्वयं के नाम में वैध निर्यात संविदा के मद्दे, अथवा

(ख) यदि उसने कम से कम 3 वर्षों तक निर्यात किया है तो पिछले तीन लाइसेंसिंग वर्षों में सर्वोत्तम वर्ष के निर्यात निष्पादन और साथ ही उसके 25 प्रतिशत के मद्दे ।

निर्यात आभार

82. निर्यात आभार की पूर्ति सीमाशुल्क के जरिए पहली खेप की निकासी की तारीख से सात महीनों के अन्दर की जाएगी । इस स्कीम के तहत आवेदन प्राप्ति की तारीख से किया गया निर्यात लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा निर्यात आभार को पूरा करने के लिए स्वीकार किया जा सकता है ।

डी०टी०सी० अग्रदाय लाइसेंस

83. किसी भी नियमित डी०टी०सी० साइट होल्डर के लिए वार्षिक डी०टी०सी० लाइसेंस अनुमित हो सकता है जो कि उसके द्वारा परवर्ती वर्ष में प्राप्त सभी डी०टी०सी० साइटों (प्रतिपूर्ति लाइसेंस के मद्दे निष्पादित साइटों को छोड़कर) के समेकित मूल्य के डेढ़ गुणा के बराबर होगा । इसमें डेढ़ प्रतिशत तक कमीशन/दलाली अधिभार भी जोड़ा जा सकता है बशर्ते कि निर्यात आभार में तदनुरूप वृद्धि की गई हो । नए साइट होल्डर डी०टी०सी० लन्दन से साइट के आबंटन हो जाने पर मासिक आधार पर लाइसेंस के लिए भी आवेदन कर सकते हैं । ये लाइसेंस केवल डी०टी० सी० लन्दन से आयात के लिए ही वैध होंगे । निर्यात आभार प्रथम परेषण के आयात की तिथि से 150 दिनों के अन्दर और प्रत्येक साइट के लिए लाइसेंस पर किए गए पृष्ठांकन के अनुसार पूरा कर लिया जाएगा यदि नियमित साइट धारक को आबंटित साइट वार्षिक डी०टी०सी० अग्रदाय लाइसेंस के अन्तर्गत नहीं आती है तो उसी लाइसेंसिंग वर्ष में दूसरे डी०टी०सी० अग्रदाय लाइसेंस के लिए आवेदन पर विचार शेष लाइसेंसिंग वर्ष के दौरान मासिक निरीक्षण की गई साइटों को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा ।

अपरिष्कृत हीरों के लिए थोक लाइसेंस

84. अपरिष्कृत हीरों के लिए थोक लाइसेंस, वैध आर ई पी/हीरा अग्रदाय लाइसेंसों के धारकों की मांगों को पूरा करने के लिए, मैसर्स हिन्दुस्तान डायमण्ड कम्पनी लि० (एच०डी०सी०एल०) बम्बई तथा खनिज एवं धातु व्यापार निगम (एम०एम०टी०सी०) लि०, नई दिल्ली को जारी किए जा सकते हैं ।

बिना तराशे हीरों के लिए प्राइवेट तौर पर अनुबंधित गोदाम

84-क. बिना तराशे हुए हीरों के आयात, स्टॉक, निर्माण एवं बिक्री के लिए ई०पी०जेड०/ई०ओ०यू० अथवा डी०टी० ए० में प्राइवेट तौर पर अनुबंधित गोदाम स्थापित किए जा सकते हैं, डी०टी०ए० यूनिटों को बिना तराशे हीरों की बिक्री वैध लाइसेंस के तहत होगी । गोदाम का स्वामी न्यूनतम 5% मूल्य संयोजन के अनुसार बिना तराशे हीरों का निर्यात कर सकते है ।

85. हटा दिया गया है ।

सोने और चांदी के जेवरात के लिए स्कीमें

86. सोने प्लेटिनम और चांदी के जेवरात के निर्यातक इस संबंध में निर्धारित प्रक्रियानुसार सक्षम लाइसेंसिंग प्राधिकारियों द्वारा प्रदत्त आयात लाइसेंसों के माध्यम से सोना, प्लेटिनम, चांदी, माउंटिंग्स, फाइंडिंग्स, अपरिष्कृत रत्न, कीमती और अर्द्ध-कीमती सिंथेटिक पत्थर और असंसाधित मोती आदि जैसे अपने अनिवार्य निवेशों का आयात कर सकते हैं ।

सोने/चांदी की अन्तर्वस्तु

87. निर्यात किए जाने पर निम्नलिखित मदों को इन स्कीमों के अन्तर्गत सुविधा मिल सकेगी :

(क) 8 करेट या अधिक सोना तत्व वाले सोने के जेवरात तथा वस्तुएं (सिक्कों को छोड़कर) चाहे सादे हों या जड़े हुए, और

(ख) भार में 50 प्रतिशत से अधिक चांदी वाले चांदी के जेवरात और वस्तुएं (सिक्कों और किन्हीं इंजीनियरी माल को छोड़कर) ।

स्कीमें

88. सोने/चांदी के जेवरात और वस्तुओं का निर्यात निम्नलिखित स्कीमों के अन्तर्गत किया जा सकता है,

क. विदेशी क्रेता द्वारा संभरित सोने/चांदी के मद्दे सोने/चांदी के जेवरात और वस्तुओं के निर्यात के लिए योजना :

इस योजना के अन्तर्गत विदेशी क्रेता सोने या चांदी के जेवरात और उनसे बनने वाली वस्तुओं के विनिर्माण और अंतिम निर्यात के लिए अग्रिम रूप में निःशुल्क सोना या चांदी का संभरण कर सकता है । वह इसी प्रकार, चांदी के एलॉय, फाइंडिंग्स, माउंटिंग्स आदि और 18 कैरेट और कम के सोने का संभरण भी कर सकता है । निर्यात आदेश में निम्नलिखित की व्यवस्था होनी चाहिए ।

(1) वेस्टेज की अनुमति के बाद अपेक्षित सोने और चांदी की मात्रा की सीमा तक सोने और चांदी का निःशुल्क संभरण, और

(2) अपरिवर्तनीय साखपत्र के द्वारा विनिर्माण और अन्य लागतों का भुगतान अथवा सुपुर्दगी पर नकद भुगतान अथवा विदेशी मुद्रा में अग्रिम

भुगतान संग्रह आधार पर (स्वीकृति मदे दस्तावेज) सोने के जेवरात का निर्यात भी किया जा सकता है । निर्यात आदेश केवल एक विदेशी क्रेता से ही सम्बन्धित होना चाहिए । सोना, चांदी जवाहरात और वस्तुओं के निर्यात के लिए बनी यह योजना हस्तशिल्प और हथकरघा निर्यात निगम (एच०एच०ई०सी०) या वाणिज्य मंत्रालय द्वारा नामित किसी अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के अभिकरण द्वारा प्राप्त निर्यात आदेशों के लिए लागू होगी । नामित अभिकरण प्रत्यक्ष रूप से या अपनी पात्र संस्थाओं के माध्यम से निर्यात कर सकती हो । निर्यात केवल हवाई भाड़े और बम्बई, कलकत्ता, मद्रास, दिल्ली, जयपुर, बंगलौर और कोचीन स्थित सीमाशुल्क भवनों के जरिए ही अनुमित होगा ।

प्रत्येक माह के शुरू में एच०एच०ई०सी० द्वारा घोषित सोने और चांदी के मूल्यों पर सोना तत्व (वेस्टेज समेत) और चांदी तत्व (वेस्टेज रहित) के मूल्य के सन्दर्भ में मूल्य संयोजन की गणना की जा सकती है । माउन्टिंग्स, फाइंडिंग्स आदि के लिए मूल्यसंयोजन, नामित अभिकरण द्वारा तय किये गये आयातों के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य पर आधारित होगा । सादे और जड़े हुए सोने के जवाहरात के लिए न्यूनतम मूल्य संयोजन क्रमशः 10% और 15% है और चांदी के जवाहरात/वस्तुओं के लिए न्यूनतम मूल्य संयोजन 25% है । माउंन्टिंग्स और फोर्डिंग्स आदि का आयात निर्यात निबल के लिए नियम के आधार पर होगा ।

ख. अनुमोदित प्रदर्शनी में बिक्री के लिए सोने और चांदी जवाहरात और वस्तुओं के निर्यात की स्कीम

इस स्कीम के अन्तर्गत रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जी०ज०ई०पी०सी०) हस्तशिल्प और हथकरघा निर्यात निगम (एच०एच०ई०सी०)/राज्य व्यापार निगम (एस०टी०सी०)/भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (आई० टी०पी०ओ०)/खनिज एवं धातु व्यापार निगम (एम०एम० टी०सी०) और उनकी पात्र सहयोगी संस्थानों द्वारा किया गया निर्यात आता है । ये संगठन नामित अभिकरणों के रूप में कार्य करते हैं । यदि वाणिज्य मंत्रालय अनुमोदन कर देता है, तो इस स्कीम के अन्तर्गत अन्य व्यक्ति को भी निर्यात की अनुमति है । प्रदर्शनी लगाने के लिए निर्यात परेषण आधार पर किए जाएंगे और यह निम्नलिखित शर्त के अध्यधीन होगा ।

(1) विदेश में न बिक्री हुई मद प्रदर्शिनी बन्द होने के 45 दिनों के अन्दर आयात कर ली जाएगी, और

(2) विदेश में बिक्री हुई मदों के लिए सोना और चांदी तत्व प्रतिपूर्ति के रूप में प्रदर्शनी बन्द होने के 60 दिनों के अन्दर, आयात कर लिए जाएंगे । नामित अभिकरण निर्यात अनुमित होने से पहले सीमाशुल्क प्राधिकारियों के पास इस आशय के एक बंधपत्र प्रस्तुत करेगा । दूसरों द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों में, भारतीय रिजर्व बैंक या सीमाशुल्क प्राधिकारियों के नियमों के अन्तर्गत यथा अपेक्षित बंधपत्र या बैंक गारंटी आयोजक स्वयं ही प्रस्तुत करेंगे । प्रदर्शनी बन्द होने के उपरान्त निर्यातक भारतीय स्टेट बैंक या प्रदर्शनी बन्द होने से पहले प्रदर्शनी के स्थान पर उनके एजेंटों की सहायता से या प्रदर्शनी बन्द होने के 50 दिनों के भीतर भारत में भारतीय स्टट बैंक की अधिकृत शाखाओं की सहायता से प्रतिपूर्ति के उद्देश्य के लिए बुकिंग करेगा ।

मूल्य संशोधन की गणना, सोना चांदी तत्व (वेस्टेज समेत) के उस मूल्य के आधार पर की जाएगी जिस पर प्रतिपूर्ति अनुमित हो सकती है या उस मूल्य पर जिस पर निर्यात बीजक बनाया गया था, इनमें जो भी उच्चतर हो, की जाएगी । निर्यातक, निर्यात बीजक बनाते समय एच० एच०ई०सी० द्वारा अधिसूचित सोना/चांदी के मासिक मान-दण्ड मूल्य का प्रयोग कर सकते हैं । सादे और जड़े हुए सोने के जवाहरात के लिए न्यूनतम मूल्य संयोजन क्रमशः 10% और 15% है और चांदी के जवाहरात/वस्तुओं के लिए न्यूनतम मूल्य संयोजन 25% है । अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करने पर लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा उपयुक्त रिलीज आदेश और रत्न प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी किया जा सकता है ।

ग. सोना और चांदी जेवरात और वस्तुओं की निर्यात संवर्धन और प्रतिपूर्ति स्कीम

यह स्कीम सोना चांदी जेवरात और वस्तुओं के निर्यात के मदे भारतीय स्टेट बैंक/खनिज एवं धातु व्यापार निगम/एच०एच०ई०सी० की पदनामित शाखाओं अथवा वाणिज्य मंत्रालय द्वारा नामित किसी अन्य अभिकरण के जरिए सोना/चांदी की खरीदारी के पश्चात् भारतीय स्टेट बैंक/खनिज एवं धातु व्यापार निगम/एच०एच०ई०सी० अभिकरण द्वारा जारी किये गये प्रमाण पत्र में निर्दिष्ट मूल्य पर सोना/चांदी की प्रतिपूर्ति की व्यवस्था करती है । यह स्कीम उन निर्यातों तक ही सीमित होगी जिनके समर्थन में अपरि-वर्तनीय साख्यपत्र, डिलीवरी आधार पर नकद भुगतान या विदेशी मुद्रा में अन्तिम भुगतान किया गया है । सोने जेवाह-रात के निर्यात की अनुमति संग्रह आधार स्वीकृति मदे दस्तावेज पर भी दी जा सकती है । निर्यातक को अग्रिम रूप में भारतीय स्टेट बैंक से सोना/चांदी प्राप्त करने का विकल्प होता है । अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करने पर लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा उपयुक्त रिलीज आदेश और रत्न प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी किये जा सकते हैं ।

मूल्य संयोजन की गणना/सोना/चांदी तत्व (वेस्टेज सहित) के सन्दर्भ में उस मूल्य पर की जाएगी जिस पर भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सोने और चांदी को बुक किया जाए । सादे और जड़े हुए सोने के जवाहरात के लिए न्यूनतम

मूल्य संयोजन क्रमशः 10% और 15% है और चांदी के जवाहरात/वस्तुओं के लिए न्यूनतम मूल्य संयोजक 25% है । निर्यात और सोने के जवाहरात तथा वस्तुओं की प्रतिपूर्ति की उपरोक्त नीति आवश्यक परिवर्तनों सहित प्लेटिनम के जेवाहरात और वस्तुओं पर लागू होगी लेकिन खनिज एवं धातु व्यापार निगम प्लेटिनम का आयात करके निर्यातकों को आपूर्ति करेगा ।

घ. सोने और चांदी जेवाहरात और वस्तुओं के लिए अग्रिम लाइसेंस की स्कीम

निम्न सोने और चांदी के आभूषणों व वस्तुओं के शुल्क मुक्त आयात के लिए अग्रिम लाइसेंस दिया जा सकता है ।

(1) 0.995 से अधिक शुद्धता का सोना और माउन्टिंग्स, साकेट्स, फ्रेम्स और 18 कैरेट तथा कम की फाइन्डिंग्स, और

(2) चांदी, माउन्टिंग्स, साकेट्स, फ्रेम्स और फाइन्डिंग्स, आदि

यह स्कीम अपरिवर्तनीय साखपत्र स्वीकृति के मद्दे दस्तावेज और/या सुपुर्दगी आधार पर नकद भुगतान की अदायगी से समर्थित निर्यातों पर सीमित होगी । सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट विशिष्ट पत्तनों से ही आयात अनुमेय होगा ।

निर्यात केवल पूर्व आयात के मद्दे अनुमित होगा । निर्यात-आभार आयात की प्रथम परेषण की तिथि से आरम्भ होगा और उसे उक्त तिथि से 120 दिनों के अन्दर पूर्ण किया जाना अपेक्षित होगा ।

मूल्य संयोजन की गणना उस मूल्य पर की जा सकती है जिस पर सोना/चांदी तत्व छीजन सहित आयात किया गया है । माऊन्टिंग्स, फाइन्डिंग्स आदि के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य को भी ध्यान में रखा जाएगा और उनका आयात/निर्यात बराबरी के आधार पर होगा । सादे और जड़े हुए सोने के जवाहरात के लिए न्यूनतम मूल्य संयोजन क्रमशः 10 और 15% है और चांदी के जवाहरात/वस्तुओं के लिए न्यूनतम मूल्य संयोजन 25% है ।

सोना/चांदी छीजन या विनिर्माण की क्षति और सोने की माऊन्टिंग्स/फाइन्डिंग्स आदि पर छीजन मानदण्ड जैसा कि प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 147 में इंगित है, की अनुमति दी जा सकती है । यदि निर्यात का जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य निर्धारित निर्यात आभार से अधिक है तो अधिक मूल्य पर रत्न प्रतिपूर्ति लाइसेंस प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 149 में निर्धारित फार्मूले के अनुसार जारी किया जा सकता है ।

ङ. निर्यात संसाधन क्षेत्रों (ई०पी०जेड०) और निर्यात अभिमुख यूनिट (ई०ओ०यू०) परिसरों से सोने और चांदी के जवाहरात और वस्तुओं के निर्यात की स्कीम

निर्यात अभिमुख यूनिटें निर्यात अभिमुख यूनिटों की स्कीम के सामान्य प्रावधानों द्वारा शासित होती है और निर्यात संसाधन वाले क्षेत्रों में स्थापित की गई यूनिटें ई० पी०जैड० स्कीम के सामान्य प्रावधानों द्वारा शासित होती है ।

निम्नलिखित को छोड़कर ।

(1) रिजेक्टस समेत किसी की भी बिक्री भी अनुमति घरेलू टैरिफ क्षेत्र (डी०टी०ए०) में नहीं मिलेगी और

(2) यदि कोई यूनिट कार्य करना बन्द कर देती है, तो सोना और दूसरी कीमती धातु एलॉय, रत्न और अन्य सामग्री जो जवाहरात के विनिर्माण के लिए उपलब्ध होगा वाणिज्य मंत्रालय द्वारा नामित किसी एजेंसी को उस एजेंसी द्वारा निर्धारित की गई कीमत पर सौंप दिया जाएगा ।

ये यूनिट स्वर्ण और अन्य बहुमूल्य धातुओं से विनिर्मित कच्चे माल, अलाय कैरेट, स्क्रैप, रंगीन स्वर्ण, कीमती धातु जिनमें चांदी 0.90 शुद्धता तक के प्लेटिनम और पलाडियम, फाइन्डिंग्स, माउन्टिंग्स, साकेट और फ्रेम भी शामिल हैं का आयात कर सकती है । ये यूनिटें हीरे, रंगीन रत्न और पत्थरों अर्थ मूल्यवान पत्थरों, अर्ध भूल्यवान पत्थरों, सिन्थेटिक पत्थरों मोतियों आदि का भी आयात कर सकती है ।
उसके अतिरिक्त इन यूनिटों को भारतीय स्टेट बैंक खनिज एवं धातु व्यापार निगम या वाणिज्य मंत्रालय द्वारा नामित किसी अन्य एजेंसी के जरिये 0.999 या 0.995 परिशुद्धता वाले स्वर्ण भी उपलब्ध कराया जा सकता है । 0.999 या 0.995 परिशुद्धता वाले स्वर्ण की आपूर्ति के लिए निर्यात संसाधन क्षेत्र के लिए विकास आयुक्त अथवा निर्यात-अभिमुख यूनिट परिसर के प्रायोजित प्राधिकारी के जरिये आवेदन कर सकती है । इन यूनिटों को निर्यात अभिमुख यूनिट स्कीम और निर्यात संसाधन क्षेत्र स्कीम पर लागू प्रक्रिया के अनुसार पूंजीगत माल, प्रोटोटाईप्स, तकनीकी नमूनों, उपभोज्यों, अतिरिक्त पुर्जों और पैकेजिंग सामग्री के आयात की अनुमति दी जा सकती है ।

पेलेडियम आदि के सम्बन्ध में मूल्य संयोजन और अन्य आवश्यकताएं मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात द्वारा सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अधिसूचित की जाएंगी ।

अनुमित किये जाने वाले आभूषणों के नमूनों को उपर्युक्त पहचान के बाद पुनः निर्यात करने की अनुमति दी जा सकती है ।

स्वर्ण की स्क्रेप डस्ट स्वीपिंग्स निर्यात संसाधन क्षेत्र में स्थित यूनिटों से भारत सरकार टकसाल को भेजने की अनुमति दी जा सकती है और रटैन्डर्ड स्वर्ण की छड़ों के रूप में उस क्षेत्र को सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वापिस भेजी जा सकती है ।

संबंधित निर्यात संसाधन क्षेत्र/निर्यात अभिमुख यूनिट परिसर के विकास आयुक्तों द्वारा इस अध्याय के पैरा 85 के अनुसार अपरिष्कृत हीरों के पुनः निर्यात की अनुमति दी जाएगी ।

निर्यात अभिमुख यूनिटें/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटें सरकार द्वारा अनुमोदित प्रदर्शनियों में भाग ले सकती है । देश में लगाई जाने वाली प्रदर्शनियों में बिक्री की अनुमति नहीं होगी । आभूषणों के इन क्षेत्रों/परिसरों में ले जाने और वापस लाने सम्बन्धी ढुलाई की प्रक्रिया सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित की जाएगी ।

आंशिक रूप से संसाधित आभूषणों का निर्यात भी निर्धारित मूल्य संयोजन की अधिप्राप्ति के अध्यधीन अनुमित होगा ।

भारतीय खनिज और धातु व्यापार निगम लि० समय-समय पर संशोधित निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार इस योजना के अन्तर्गत स्थापित स्वीकृत स्वर्ण आभूषण मूल्य संयोजन को उस मूल्य पर संगणित किया जाए जिस मूल्य पर स्वर्ण कन्टेंट (जिसमें वैस्टेज भी शामिल हैं), चाहे यह 0.995 परिशुद्धता अथवा कोई अन्य शुद्धता वाला स्वर्ण हो, का आयात किया गया हो । इसी प्रकार की प्रक्रिया आयातित चांदी पर भी लागू होगी । सादे और जड़ित स्वर्ण आभूषणों जिनमें वस्तुएं भी शामिल हैं, के निर्यात के लिए न्यूनतम मूल्य संयोजन क्रमशः 10% और 15% होगा । चांदी के सादे/जड़ित आभूषणों और वस्तुओं के लिए न्यूनतम मूल्य संशोधन 25 प्रतिशत होगा । एक निर्यातक को तराशे और पालिश किए गए हीरों, बहुमूल्य और अर्ध मूल्यवान पत्थरों, मोतियों और सिन्थेटिक पत्थरों जिनका उपयोग स्टडिंग्स के रूप में किया गया हो, के मूल्य पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त मूल्य संयोजन प्राप्त करने की भी आवश्यकता है । माउन्टिंग्स, फाइन्डिंग्स, आदि के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य का भी मूल्य संयोजन के लिए हिसाब में लिया जाए और उनका आयात और निर्यात नेट के लिए नेट के आधार पर किया जाएगा ।

कम तराशे और पालिश किए गए हीरों और बहुमूल्य अर्ध मूल्यवान पत्थरों का निर्यात करने वाली यूनिटों के मामले में प्राप्त किए जाने वाले आवश्यक न्यूनतम मूल्य संयोजन को घरेलू टैरिफ क्षेत्र से ऐसे निर्यातों के लिए उपलब्ध इसी अवधि की प्रतिपूर्ति दरों के आधार पर संगणित किया जाएगा । स्वर्ण और चांदी के आभूषणों और वस्तुओं से अलग, अन्य कीमती धातुओं से बने आभूषणों और वस्तुओं का विनिर्माण और निर्यात पूर्वोक्त निर्यात अभिमुख यूनिट परिसरों/निर्यात संसाधन क्षेत्रों द्वारा किया जा सकता है । प्लेटिनम और विनिर्माण करने वाली निर्यात यूनिटों को स्वर्ण अलाय, करेट स्वर्ण, फाइन्डिंग्स समेत स्वर्ण, स्वर्ण मध्यस्थों और संघटकों को भी आपूर्ति करेगा ।

खनिज एवं धातु व्यापार निगम/भारतीय स्टेट बैंक समय-समय पर विशिष्टिकृत प्रक्रिया के अनुसार इस योजना के अन्तर्गत स्थापित स्वीकृत चांदी आभूषण विनिर्माण करने वाली निर्यात यूनिटों को 0.999 शुद्धता या 0.995 शुद्धता वाली चांदी की भी आपूर्ति करेगा ।

निर्यात और सोने के जवाहरात तथा वस्तुओं की प्रतिपूर्ति की उपरोक्त नीति आवश्यक परिवर्तनों सहित प्लेटिनम जवाहरात और वस्तुओं के निर्यात पर लागू होगी । खनिज एवं धातु व्यापार निगम स्कीम ङ के तहत निर्यातकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 0.9999 शुद्धता का प्लेटिनम भी आयात कर सकता है ।

घ. घरेलू टैरिफ क्षेत्र में स्थित यूनिटों द्वारा प्रतिपूर्ति के अन्तर्गत 18 कैरेट से ऊपर के स्वर्ण का सीधे आयात करने हेतु योजना ।

सादे स्वर्ण आभूषणों के निर्यात के मद्दे जहां निर्यात आयात निर्मुक्त विदेशी मुद्रा में पूर्णतः अधिप्राप्त की जा चुकी हो, लाइसेंसिंग प्राधिकारी के सीधे आयात के लिए निर्यात के जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य के 87 प्रतिशत की दर से हस्तान्तरणीय प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी कर सकता है ।

(1) स्वर्ण जिस की परिशुद्धता 0.999 से कम न हो और माउन्टिंग्स, साकेट्स, फ्रेम्स और 18 कैरट और उससे कम की फाइण्डिंग्स, तथा

(2) लाइसेंस के मूल के 10 प्रतिशत तक तथा लाइसेंस के समूचे मूल्य के अन्तर्गत 0.920 परिशुद्धता की स्वर्ण फाइन्डिंग्स/माउन्टिंग्स, और

(3) अपरिष्कृत हीरे, अपरिष्कृत रंगीन रत्न पत्थर और शेष मूल्य के लिए अपेक्षित/बिना सेट किये हुए रीयल अथवा कलचर्ड मोती ।

जड़ित स्वर्ण आभूषणों के निर्यात के लिए जहां निर्यात आय विदेशी मुद्रा में पूर्णतः अधिप्राप्त हो चुकी हो, संबंधित प्राधिकारी निम्नलिखित के सीधे आयात के लिए निर्यातों के जहाज पर्यन्त मूल्य के 80 प्रतिशत की दर से अहस्तान्तरिणीय प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी कर सकता है :—

(1) 0.995 परिशुद्धता वाला स्वर्ण, जिसकी कीमत निर्यातित स्वर्ण जड़ित आभूषणों में उपयोग में लाये गये शुद्ध स्वर्ण (0.999 परिशुद्धता), की मात्रा, जैसी कि सीमाशुल्क प्राधिकारी द्वारा प्रमाणीकृत की गई हो, को हिसाब में लेकर निर्यात की तारीख को शुद्ध स्वर्ण (0.999 परिशुद्धता) के अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य द्वारा गुणा करके, भारतीय स्टेट बैंक की पदनामित शाखाओं द्वारा प्रमाणित किया गया हो, स्टडिंग्स के अवशिष्ट प्रतिपूर्ति मूल्य का 20 प्रतिशत जमा करके निर्धारित की जाएगी ।

(2) लाइसेंस के मूल्य के 10 प्रतिशत तक तथा लाइसेंस के समूचे मूल्य के अन्तर्गत 0.920 परिशुद्धता की स्वर्ण फाइन्डिंग्स/माउन्टिंग्स, और

(3) अपरिष्कृत हीरे, अपरिष्कृत रंगीन रत्न पत्थर और शेष मूल्य के लिए अपेक्षित/बिना सेट किए हुए रंगीन अथवा कलचर्ड मोती ।

उपर्युक्त प्रावधानों के बावजूद, सादे/जड़ित सोने के जवाहरात के निर्यात के बाद और बिक्री लाभ की मुक्त विदेशी मुद्रा में प्राप्ति के लिए प्रतीक्षा किए बिना लाइसेंसिंग प्राधिकारी निर्यातक द्वारा घोषित निर्यात के काल्पनिक जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य के क्रमशः 87% और 80% के समकक्ष मूल्य के लिए प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी कर सकता है । इस प्रयोजन के लिए निर्यातक निम्नलिखित दस्तावेजों सहित लाइसेंस जारी करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करेगा :

(1) सीमाशुल्क सांक्ष्यांकित बीजक,

(2) सीमाशुल्क प्रमाणीकृत शिपिंग बिल, और

(3) निर्यात के काल्पनिक जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य के बारे में घोषणा ।

मुक्त विदेशी मुद्रा में बिक्री लाभ की पूर्ण प्राप्ति के बाद निर्यातक प्राप्ति के बैंक प्रमाणपत्र के साथ यदि कोई हो, अवशेष हस्तांतरणीय प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी करने के लिए आवेदन करेगा । यदि देय हो, अधिक हकदारी के लिए लाइसेंस जारी किया जाएगा । अन्यथा, पहले से जारी लाइसेंस का मूल्य प्रश्नातीत निर्यात के मद्दे समायोजित किया जाएगा यदि समायोजन पूरा नहीं हुआ है तो शेष मूल्य उसके भविष्य की हकदारी में समायोजित किया जाएगा ।

प्रतिपूर्ति लाइसेंस उसके जारी होने की तारीख से 12 महीनों की अवधि के लिए वैध होगा ।

अन्य प्रावधान

89. निर्यातक को ऊपर 88(च) और 88(छ) में दी गई योजनाओं को छोड़कर निर्यात के जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य के 3% तक एजेन्सी कमीशन का भुगतान करने की अनुमति है । जहां कहीं एजेन्सी कमीशन का भुगतान किया जाए, वहां एजेन्सी कमीशन की प्रतिशतता द्वारा न्यूनतम मूल्य संयोजन में तदनुरूप वृद्धि की जाएगी ।

90. पैरा 88(क) से (ङ) तक उल्लिखित योजनाओं के अन्तर्गत निर्यातकों को प्रक्रिया पुस्तक में निहित अनुसार स्वर्ण वेस्टेज अथवा विनिर्माण घाटे की अनुमति होगी ।

91. ऐसे मामले में जहां निर्यातक न्यूनतम निर्धारित मूल्य संयोजन प्राप्त करें, वहां सादे स्वर्ण/चांदी के आभूषणों के निर्यात पर पैरा 88(क) से (ग) तक में उल्लिखित योजना के अन्तर्गत रत्न प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी किए जा सकते हैं । ऐसे लाइसेंस का मूल्य न्यूनतम मूल्य संयोजन की अतिरिक्त अधिप्राप्ति के सन्दर्भ में निर्धारित किया जाएगा । जटित स्वर्ण/चांदी के आभूषणों और वस्तुओं के निर्यातक, रत्न प्रतिपूर्ति लाइसेंस के पात्र होंगे जिसे वेस्टेज सहित सोने पर मूल्य संयोजन के लिए गणना करने के बाद, निर्यात की गई मदों में उपयोग में लाई गई स्टडिंग्स, के मूल्य को ध्यान में रखकर दिया जाएगा । लाइसेंसिंग के प्रयोजन के लिए स्टडिंग्स को चार वर्गों में बांटा जाएगा नामशः

(क) हीरे,

(ख) बहुमूल्य पत्थर,

(ग) अर्द्ध मूल्यवान और सिन्थेटिक पत्थर और

(घ) मोती ।

प्रतिपूर्ति का पैमाना प्रक्रिया पुस्तक में दिया गया है । ये लाइसेंस बिना अपरिष्कृत हीरों, बहुमूल्य पत्थरों, अर्द्ध मूल्यवान पत्थरों, सिन्थेटिक पत्थरों और मोतियों के आयात के लिए वैध होंगे । इसके अतिरिक्त लाइसेंस, लाइसेंस के मूल्य के 5% तक खाली आभूषणों के बक्सों के आयात के लिए भी वैध होगा ।

निर्यातक प्रतिपूर्ति लाइसेंस के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के 10% तक मरकट के अलावा कटे और पालिश किए हुए बहुमूल्य और अर्द्ध बहुमूल्य पत्थरों का, वास्तविक उपयोक्ता शर्तों सहित रत्न का आयात कर सकते हैं ।

91क. पैरा 88-च में उल्लिखित स्कीम के तहत लाइसेंसधारक भारतीय रिजर्व बैंक/खनिज एवं धातु व्यापार निगम से पूर्ण तथा खरीदारी आधार पर किसी भी शुद्धता का सोना प्राप्त कर सकते हैं । परिणामस्वरूप संगत आयात लाइसेंस की दोनों विनिमय नियंत्रण और सीमाशुल्क प्रतियां सोने के सीधे आयात के लिए भारतीय रिजर्व बैंक/खनिज एवं धातु व्यापार निगम द्वारा अवैध कर दिया जाएगा ।

बीजक

92. सभी स्कीमों में आयात और निर्यात के बीजक मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा में होंगे और निर्यात लाभ मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा में होंगे ।

अध्याय—नौ

निर्यात अभिमुख यूनिटें और निर्यात संसाधन क्षेत्रों की यूनिटें

पात्रता

93. अपने सारे उत्पादन को निर्यात करने का दायित्व लेने वाली यूनिटें निर्यात अभिमुख यूनिट (ई०ओ०यू०) या निर्यात संसाधन क्षेत्र (ई०पी०जेड०) स्कीम के अंतर्गत स्थापित की जा सकती है । ऐसी यूनिटें सापटवेयर बागवानी, कृषि, जलचर पालन, पशुपालन, मत्स्यपालन, अंगूरोत्पादन, मुर्गीपालन, रेशम उत्पादन के विनिर्माण या उत्पादन में लगी हो सकती हैं । सेवा कार्यकलापों में लगी यूनिटों पर भी गुणावगुण के आधार पर विचार किया जा सकता है ।

माल का आयात

94. एक निर्यात अभिमुख यूनिट और निर्यात संसाधन यूनिट विनिर्माण, उत्पादन और संसाधन के लिए पूंजीगत माल सहित सभी प्रकार का माल बिना शुल्क दिए आयात कर सकती है, बशर्ते कि वे आयातों की निषेधात्मक सूची में वर्जित मदें न हों । तथापि, बासमती पैडी/ब्राउन राइस का आयात निषिद्ध होगा । एक्वाकल्चर कृषि पुष्प उत्पादन, बागवानी, पशुपालन आदि के क्षेत्रों में लगी निर्यात अभिमुख यूनिटों के लिए शुल्क मुक्त आयात हेतु अनुमत वस्तुएं इस संबंध में जारी सीमाशुल्क अधिसूचना में निर्धारित की गई हैं ।

पुराना पूंजीगत माल

95. पुराने पूंजीगत माल का आयात भी अध्याय-पांच में दिए गए प्रावधानों के अनुसार किया जा सकता है ।

पूंजीगत माल का पट्टा करना

96. पार्टियों के बीच में हुए पक्के ठेके के आधार पर कोई निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिट घरेलू पट्टे वाली कम्पनी से पूंजीगत माल उठा सकती है । ऐसे मामले में घरेलू पट्टे वाली कम्पनी तथा निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिट शुल्क मुक्त पूंजीगत माल आयात करने के लिए संयुक्त रूप से आयात दस्तावेज फाइल करेगी ।

मूल्य संयोजन और निर्यात आभार

97. यूनिट कम से कम 20% का मूल्य वर्धन प्राप्त करेगी किन्तु परिशिष्ट-दो में विनिर्दिष्ट उद्योगों में लगी हुई यूनिटें उसमें निर्दिष्ट मूल्य वर्धन मानदण्डों को पूरा करेगी । अनुमति-पत्र आशय पत्र में निर्दिष्ट निर्यात के लिए विनिर्माण की मदें मूल्य संयोजन के परिकलन के लिए तथा निर्यात आभार के पालन के लिए मानी जाएंगी । उक्त के होते हुए भी इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर जैसे क्षेत्रों में न्यूनतम मूल्य संयोजन अनुबन्ध के बिना भी प्रोजेक्ट लगाने की अनुमति होगी ।

विधिक वचन बद्धता

98. यूनिट सम्बन्धित विकास आयुक्त को एक बन्धपत्र/विधिक वचनबद्धता प्रस्तुत करेगी और अनुमोदन आशयपत्र में निर्धारित आभारों को पूरा न करने पर विफलता के मामले में वह उस बंधपत्र/विधिक वचनबद्धता या कुछ समय के लिए लागू किसी अन्य कानून के अधीन दण्ड की भागी होगी ।

99. हटा दिया गया है ।

स्वत: अनुमोदन

100. परियोजना आवेदन पत्रों पर जो उद्योग मंत्रालय के उपयुक्त प्रैस नोट में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं, संबंधित निर्यात संसाधन क्षेत्र के विकास आयुक्त द्वारा 15 दिन के अन्दर-अन्दर स्वत: अनुमोदन किया जा सकता है । निर्यात अभिमुख यूनिटों के मामले में ऐसा अनुमोदन औद्योगिक अनुमोदन सचिवालय (एस०आई०ए०) द्वारा दिया जाएगा ।

अन्य मामले

101. अन्य मामलों में अनुमोदन इस प्रयोजन के लिए गठित किए गए बोर्डों या औद्योगिक अनुमोदन सचिवालय द्वारा दिया जा सकता है जैसा भी मामला हो ।

डी०टी०ए० बिक्री (घरेलू टैरिफ क्षेत्र में बिक्री)

102. निर्यात अभिमुख यूनिटों/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों का सकल उत्पादन निम्नलिखित को छोड़कर निर्यात किया जाएगा :—

(क) 5% तक रिजेक्ट्स अथवा अनुमोदन बोर्ड द्वारा यथानिर्धारित प्रतिशत तक रिजेक्ट्स का घरेलू टैरिफ क्षेत्र में बेचा जा सकता है बशर्ते कि उपयुक्त करों का भुगतान कर दिया गया हो, और

(ख) मूल्य के अनुसार, उत्पादन का 25% घरेलू टैरिफ क्षेत्र में बेचा जा सकता है । डी०टी०ए० बिक्री न्यूनतम मूल्य संयोजन की पूर्ति के अधीन होगी । आभूषणों, हीरों, बहुमूल्य तथा अर्ध बहुमूल्य पत्थरों/रत्नों, मोटर कारों, अल्कोहलिक द्रव्यों, सिल्वर बुलियन और सार्वजनिक सूचना द्वारा महानिदेशक, विदेश व्यापार द्वारा अनुबंध की गई ऐसी अन्य मदों के सम्बन्ध में डी०टी०ए० में बिक्री की अनुमति नहीं होगी ।

(ग) फिर भी, निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन यूनिट कृषि, जलचर पालन, पशुपालन, पुष्प, कृषि, उद्यान-विज्ञान, मत्स्यपालन, मुर्गीपालन और रेशम उत्पादन में, इस सम्बन्ध में अधिसूचित डी०टी०ए० बिक्री निर्देशों के अनुसार न्यूनतम मूल्य संयोजन की पूर्ति के अनुसार डी०टी०ए० में मूल्य के सम्बन्ध में उत्पादन के 50% तक बेची जा सकती है ।

(घ) इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर उत्पादों की निम्नलिखित आधार पर डी०टी०ए० में बिक्री की जा सकती है :

प्राप्त मूल्य संयोजन	डी०टी०ए० में अनुमत बिक्री
(क) 15% से कम	शून्य
(ख) 15-25%	यूनिट में निर्मित संघटकों सहित इलेक्ट्रानिक मदों के मूल्य के सम्बन्ध में उत्पादन के 30% तक
(ग) 25% से अधिक	यूनिट में निर्मित संघटकों सहित इलेक्ट्रानिक मदों

के मूल्य के सम्बन्ध में उत्पादन के 40% तक साफ्टवेयर मदों के लिए डी०टी०ए० बिक्री सुविधा 25% होगी ।

नोट :—इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर और साफ्टवेयर निर्माण करने वाली यूनिटों के मामले में, मूल्य संयोजन और डी०टी०ए० बिक्री हकदारी, साफ्टवेयर और हार्डवेयर के लिए अलग से रखा जाएगा ।

निर्यात आभार

103. निर्यात आभार को पूरा करने के लिए निम्नलिखित आपूर्तियों को हिसाब में लिया जाएगा :—

(क) नीति के 121 पैराग्राफ के सम्बन्ध में डी०टी० ए० में की गई आपूर्तियां,

(ख) विदेशी मुद्रा में भुगतान के प्रति डी०टी०ए० में की गई आपूर्ति ।

(ग) हटा दिया गया है ।

(घ) निर्यातोन्मुख इकाई/निर्यात संवर्धन जोन यूनिटों को की गई आपूर्ति इस शर्त के साथ कि निर्यातोन्मुख यूनिटों/निर्यात संवर्धन क्षेत्र की यूनिटों द्वारा निर्यात करने से पूर्व इस आपूर्ति को आगे संसाधित/उत्पादन किया जाता है । इसी आपूर्ति के लिए विकास आयुक्त द्वारा अनुमति प्रदान की जाएगी ।

निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन/सुपर स्टार व्यापार सदन के जरिये निर्यात

104. कोई निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिट अपने विनिर्मित माल का निर्यात किसी अन्य निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र यूनिट या इस नीति के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त किसी व्यापारी निर्यातक/निर्यात सदन/व्यापार सदन/सुपर स्टार/स्टार व्यापार सदन/सुपर स्टार व्यापार सदन के जरिए कर सकती है । यह अनुमति केवल व्यापारी निर्यातक/निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन द्वारा माल के विपणन तक ही सीमित है । माल का विनिर्माण निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों में किया जाएगा । मूल्य वर्धन तथा निर्यात आधार और साथ ही आयात एवं निर्यात संबंधी कोई अन्य आभार निर्यात उन्मुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिट द्वारा पूरे किए जाते रहेंगे ।

105. विकास आयुक्त निम्नलिखित की भी अनुमति दे सकता है :—

(क) निर्यात अभिमुख यूनिटों/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों द्वारा उत्पादित माल के समुचित मात्रा में, नमूनों की आपूर्ति या बिक्री जो लगाए जाने वाले शुल्क का भुगतान करने पर प्रदर्शनी या प्रचार आदेशों के लिए हों । ऐसे माल को लौटाने का समुचित आश्वासन देने पर ऐसे नमूनों को यूनिटों से हटाने की अनुमति दी जा सकती है ।

(ख) डी०टी०ए० में बिक्री किए गए परन्तु त्रुटिपूर्ण पाए गए माल को मरम्मत विस्थापन हेतु वापिस लाना । ऐसा माल यूनिट से हटाया जा सकता है बशर्ते कि माल की पहचान हेतु सीमा-शुल्क प्राधिकारी संतुष्ट हों ।

(ग) मरम्मत/परीक्षण अथवा व्याससमापन हेतु टी०टी० ए० के माल का स्थानांतरण बशर्ते कि निर्यात अभिमुख यूनिट के मामले में इसकी अनुमति सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा दी जाए ।

डी०टी०ए० से आपूर्तियों के लाभ

106(1) निर्यातोन्मुखी/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों को घरेलू टैरिफ क्षेत्र से की गई आपूर्तियों को अभिग्रहीत निर्यात "समझा जाएगा" और वे नीति के पैरा 122 के अन्तर्गत प्रदत्त संगत लाभों के लिए भी पात्र होंगे :—

(क) केन्द्रीय बिक्री कर की वापसी ।

(ख) पुंजीगत माल, संघटकों और कच्चे माल पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के भुगतान में छूट, और

(ग) यदि आपूर्तिकर्ता पर कोई निर्यात आभार बकाया है तो उसका भुगतान ।

(2) निर्यातोन्मुखी यूनिटें/निर्यात संसाधन क्षेत्रों की यूनिटें, डी०टी०ए० आपूर्तिकर्ताओं से उपयुक्त बाधा-परित्याग प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर ,नीति के पैरा 122(ख) और 122(ग) में उल्लिखित लाभों को प्राप्त करने के लिए प्राप्त होगी । इस उद्देश्य के लिए, वे विदेश व्यापार महानिदेशालय के द्वारा ग्रांड दरों को निर्धारित करायेंगे । तथापि, ऐसी आपूर्तियां उपरोक्त पैरा 104(1) में दिये गये लाभों के लिए पात्र होगीं ।

शर्तें

107. पैराग्राफ 106 के अन्तर्गत दिए गए लाभ तभी दिए जाएंगे बशर्ते कि सप्लाई किए जाने वाला माल देश में निर्मित किया गया हो ।

निर्यातोन्मुखी यूनिट/निर्यात संवर्धन क्षेत्र की यूनिटों के लिए लाभ

108. रियायती किराया : निर्यातोन्मुखी क्षेत्रों की यूनिटें पहले तीन वर्षों के लिए आबंटित औद्योगिक प्लाट और स्टैन्डर्ड डिजाइन फैक्टरी बिल्डिंग के पट्टे के रियाअती किराए के लिए निम्नलिखित दरों पर पात्र होंगी :—

प्लाटों के लिए : यदि उत्पादन पहले या दूसरे वर्ष में शुरु हो गया हो तो पहले वर्ष में रिआयत 75% दूसरे वर्ष में 50% और तसरे वर्ष में 25% होगी । यदि उत्पादन दूसरे वर्ष के अन्त में शुरु नहीं हुआ तो तीसरे वर्ष के लिए रियाअत नहीं दी जाएगी ।

एस.डी.एफ. बिल्डिंग/शैड के लिए : यदि पहले वर्ष में उत्पादन शुरू हो गया हो तो पहले वर्ष के लिए 50% और दूसरे वर्ष के लिए 40% रिआयत होगी । यदि उत्पादन पहले वर्ष में शुरू हो गया हो तो तीसरे वर्ष के लिए रियाअत 25% होगी । यदि उत्पादन पहले वर्ष के अन्त तक शुरू नहीं हुआ तो रियाअत नहीं दी जाएगी ।

टैक्स छुट्टी : निर्यातोन्मुखी/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों को प्रचालन के पहले आठ वर्षों में पांच वर्षों के ब्लाक के लिए कार्पोरेट आय कर के भुगतान से छूट होगी ।

निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन या सुपर स्टार व्यापार सदन स्तर प्रदान करने के लिए डी.टी.ए. में निर्यातोन्मुखी/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिट के निर्यात के पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य इसकी पैतृक कम्पनी के निर्यात के पोत-पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के साथ मिलाया जा सकता है ।

100% विदेशी इक्विटी: निर्यातोन्मुखी/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटों के मामलों में 100% तक विदेशी इक्विटी की अनुमति है ।

निर्यातोन्मुख यूनिटें/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिटें उनके द्वारा उपरोक्त गुणवत्ता प्रमाणीकरण के अन्तर्गत किए गए निर्यात के 2% की दर से विदेश आयात लाइसेंस प्रदान किये जाने सहित उन्हीं लाभों के लिए अधिकृत होगी जो उन विनिर्माताओं को उपलब्ध हैं जिन्होंने 9000 (सीरिज) का आई.एस.ओ. या 9000 (सीरिज) का आई.एस./आई.एस.ओ. (सीरिज) अंतर्राष्ट्रीय रूप से मान्यता प्राप्त कोई अन्य समकक्ष गुणवत्ता-प्रमाणपत्र, जोकि केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया हो ।

अन्तः यूनिट हस्तान्तरण

109. एक निर्यातोन्मुखी यूनिट/निर्यात संवर्धन क्षेत्र की यूनिट से दूसरी निर्यातोन्मुखी यूनिट/निर्यात संवर्धन क्षेत्र की यूनिट को विनिर्मित माल के हस्तान्तरण की अनुमति दी जा सकती है, बशर्ते कि यूनिट, ऐसे आदान-प्रदान की सामयिक रिपोर्ट, सम्बन्धित निर्यात संवर्धन क्षेत्र के विकास आयुक्त को देती रहे ।

110. निर्यातोन्मुखी/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिट द्वारा आयातित माल विकास आयुक्त की अनुमति से अन्य निर्यातोन्मुख/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिट को ऋण पर दी जा सकती है या स्थानान्तरित की जा सकती है ।

उप संविदायें करना

111. निर्यातोन्मुखी यूनिटों/निर्यात संसाधन क्षेत्रों की यूनिटों को, प्रत्येक मामले के आधार पर, डी०टी०ए० में यूनिटों को, जॉब कार्य हेतु अपनी उत्पादन प्रक्रिया के भाग की उप-संविदा करने की अनुमति दी जा सकती है । इस सम्बन्ध में किये गये आवेदनों पर, सम्बन्धित सीमाशुल्क प्राधिकारी निवेश-उत्पादन मानदण्डों का निर्धारण और संबंधित यूनिटों के द्वारा बंधपत्र/बांड प्रस्तुत किये जाने जैसे कारकों के आधार पर विचार करेंगे ।

आयातित माल की बिक्री

112. यदि कोई निर्यातोन्मुखी यूनिट/निर्यात संवर्धन क्षेत्र की यूनिट वैध कारणों से आयातित माल का उपयोग नहीं कर पाती है तो यह सीमाशुल्क से स्पष्टीकरण के अध्यधीन डी०टी०ए० में उनको पुनः निर्यात या निष्पादित कर सकती है ।

113. आयातित मशीनरी/पूर्जागत माल जो पुरानी हो गई हो, का निपटान किया जा सकता है बशर्ते कि उसके कम मूल्य पर सीमाशुल्क का भुगतान कर दिया गया हो ।

रद्दी का निपटान

114. डी०टी०ए० में उत्पादन प्रक्रिया से बचे स्क्रैप/वेस्ट/रैमनैन्ट्स के भुगतान या बिक्री की अनुमति लागू शुल्कों और करों के भुगतान के बाद होगी । ऐसे स्क्रैप/वेस्ट/रैमनैन्ट्स की प्रतिशत बोर्ड द्वारा निश्चित की जाएगी और विदेश व्यापार, महानिदेशक द्वारा इस सम्बन्ध में जारी किए गए सार्वजनिक सूचना में अधिसूचित की जाएगी ।

निजी बांड वाले भंडागार

115. निजी बांड वाले भंडागार, इसके गिनाये गये उद्देश्यों के लिए निर्यात संसाधन क्षेत्रों में, स्थापित किये जा सकते हैं । ऐसे भंडागारों के लिए उपरोक्त पैरा-97 की आवश्यकताओं को पूर्ण करना आवश्यक नहीं होगा लेकिन अनुमोदन बोर्ड द्वारा अनुबंध शर्तों का पालन करना बाध्यकर होगा । इस अध्याय के पैरा 100, 102, 103, 104, 109, 111 और 112 के प्रावधान ऐसे मामलों में लागू नहीं होंगे ।

(क) माल का आयात और बिक्री उपभोजक निर्यातोन्मुखी/निर्यात संवर्धन क्षेत्र की यूनिटों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आयातों की अनुमति दी जा सकती है । निर्यात-आयात नीति के अनुसरण में लाइसेंस के बिना आयात योग्य मदों का आयात और डी०टी०ए० में बिक्री की जा सकती है बशर्ते कि ऐसी बिक्री प्रभावी होने के समय लागू शुल्कों का भुगतान कर दिया जाए ।

(ख) पुनः पैक करने/लेबल लगाने के पश्चात् पुनः निर्यात समेत व्यापार पुनः पैक करने और लेबल लगाने जैसे कार्यों के लिए मुक्त रूप से परिवर्तनीय विदेशी मुद्रा में पुनः निर्यात के लिए आयातों की अनुमति दी जा सकती है ।

रिकंडिशनिंग पुनः निर्माण और मरम्मत

115-क. रिकंडिशनिंग पुनः निर्माण और मरम्मत जैसे कार्यों के लिए ऐसे भंडागारों आयातों की अनुमति मुक्त रूप से परिवर्तनीय विदेशी मुद्रा में निर्यातों के लिए दी जा

सकती है । इस अध्याय के पैराग्राफ 97, 100, 102, 103, 104, 109 और 111 के प्रावधान ऐसे क्रियाओं में लागू नहीं होंगे ।

बन्धपत्र की लागू अवधि

116. निर्यात अभिमुख स्कीम के अंतर्गत यूनिटों के लिए बंधपत्र की लागू अवधि 10 वर्ष होगी । तीव्र प्रौद्योगिकी परिवर्तन करने वाले उत्पादों के मामले में यह अवधि अनुमोदन बोर्ड (बी०ओ०ए०) द्वारा घटाकर 5 वर्ष की जा सकती है । बन्धपत्र की लागू अवधि पूरी होने पर यह यूनिट की इच्छा पर निर्भर होगा कि यह इसे जारी रख या स्कीम में कोई विकल्प ढूंढे । तथापि, बन्धपत्र से इस प्रकार की मुक्ति विकल्प देते समय लागू औद्योगिक नीति के अध्यधीन दी जाएगी ।

बन्धपत्र से विमुक्ति

117. निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात ससाधन क्षेत्र की यूनिटों को निर्यात आभार, मूल्य-वर्धन या अन्य अपेक्षाओं की पूर्ति में असमर्थ होने पर अनुमोदन बोर्ड की संतुष्टि पर दाण्ड रहित किया जा सकता है । इस प्रकार बन्धपत्र से वंचित करने में ऐसे दण्ड दिए जाएंगे जिन्हें विमुक्ति के समय लगाए गए करें ।

117-क. किसी निर्यातोन्मुख/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिट को भी एक विकल्प देकर यह अनुमति होगी कि ईपीसीजी स्कीम के 15% ड्यूटी रिन्यीज के अन्तर्गत पूंजीगत माल को शुल्क का भुगतान करने बन्ध पत्र से विमुक्त करना होगा, बशर्ते कि यूनिट उक्त योजना के अन्तगत लागू निर्यात आभार पूरे करने के लिए वचनबद्ध हो । ऐसी बंध पत्र विमुक्ति लगाए गए दण्डों के अधीन होगी और अन्य सामान पर लागू सीमाशुल्क तथा चुंगी के भुगतान पर होगी ।

परिवर्तन

118. मौजूदा डी०टी०ए० यूनिटें किसी निर्यात अभिमुख यूनिट में परिवर्तन के लिए आवेदन कर सकती हैं लेकिन पहले से प्रतिष्ठापित संयंत्र, मशीनरी और उपस्कर के लिए योजना के अन्तर्गत शुल्कों और करों में कोई छूट नहीं दी जाएगी । ईपीसीजी स्कीम के अन्तर्गत निर्यात आभार वाली मौजूदा डी०टी०ए० यूनिटें ई०ओ०यू० में परिवर्तन के लिए आवेदन कर सकती है । ऐसे परिवर्तन में ईपीसीजी स्कीम के अन्तर्गत निर्यात आभार निर्यातोन्मुख यूनिट के रूप में निर्यातों के साथ-साथ ही पूरे किए जाएंगे ।

119. इस अध्याय के लिए "मूल्य संयोजन" प्रतिशतता के रूप में व्यक्त किया जाएगा और निम्नलिखित सूत्र के अनुसार वाणिज्यिक उत्पादन से लेकर पांच वर्षों के लिए संगणित किया जाएगा :—

$$\text{बी०ए०} \times \frac{\text{ए-बी}}{\text{ए}} \times 100, \text{ जहां}$$

बी०ए० मूल्य सयोजन है

(ए) निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिट द्वारा रिलीज किया गया जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य है, और

(बी) सभी आयातित निवेशों के लागत बीमा भाड़ा मूल्य का कुल योग, कमीशन, रायल्टी, फीस या किसी अन्य अधिकार के माध्यम से विदेशी मुद्रा में किए गए सभी भुगतानों का मूल्य और निर्यात अभिमुख यूनिट/निर्यात संसाधन क्षेत्र यूनिट द्वारा खरीदे गए सभी देशीय निवेशों का मूल्य है । निवेशों का अर्थ है—कच्चा माल, मध्यवर्ती, संघटक, कन्ज्यूमेबिल्स, पार्टस और पैकिंग सामग्री ।

नोट : 1. यदि कोई निवेश अन्य निर्यातोन्मुखी/निर्यात संसाधन क्षेत्र से प्राप्त किया गया है, ऐसे निवेशों का मूल्य बी के अन्तर्गत शामिल किया जाएगा ।

2. यदि कोई आयातित शुल्क मुक्त पूंजीगत माल घरेलू लीजिंग कम्पनी से पट्टे पर लिया गया है, तो पूंजीगत माल का बीमा लागत भाड़ा मूल्य बी के अन्तर्गत शामिल किया जाएगा ।

3. प्रोजैक्टों के मामले में जहां भूमि इमारत, प्लान्ट और मशीनरी में निवेश 200 करोड़ रुपए से अधिक हो, पूंजीगत माल का मूल्य सात साल की अवधि तक परिशोधित किया जाएगा : ऐसे मामलों में, आयातित पूंजीगत माल के लागत बीमा भाड़ा मूल्य का केवल 5/7वां बी के अन्तर्गत शामिल किया जाएगा ।

अध्याय 10

अभिगृहीत निर्यात

परिभाषा :

120. "अभिगृहीत निर्यात" का अर्थ उस लेन-देन से, जिसमें आपूर्ति किया गया माल देश से बाहर नहीं जाता और माल के लिए पैसे का भुगतान संभरक द्वारा भारत में प्राप्त किया जाता है ।

संभरण की श्रेणियां

121. इस नीति के तहत निम्नलिखित श्रेणियों के माल का संभरण "अभिगृहीत निर्यात" के रूप में माना जाएगा बशर्ते कि माल भारत में विनिर्मित है :

(क) शुल्क मुक्त स्कीम के तहत जारी "शुल्क मुक्त लाइसेंसों" के मद्दे माल का संभरण ।

(ख) हटा दिया गया ।

(ग) निर्यात संसाधन क्षेत्रों (ई०पी०जैड०) या साफ्टवेयर टैक्नालोजी पार्कस (एसटीपी) या निर्यात अभिमुख यूनिटों ई. ओ. यू. (या इलैक्ट्रानिक हार्डवेयर टैक्नालौजी पार्कस) (ई एच टी पी) में स्थित यूनिटों को माल का संभरण ।

(ङ) निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल स्कीम के अन्तर्गत लाइससधारियों को पूंजीगत माल की आपूर्ति ।

(छ) वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगी बोली या सीमित निविदा पद्धति के तहत बहुपक्षीय या द्विपक्षीय अभिकरणों/निधियों द्वारा वित्त-पोषित परियोजनाओं को उन अभिकरणों/निधियों की क्रियाओं के अनुसार माल का संभरण, जबकि टेंडर मूल्यांकन सीमा-शुल्क को शामिल किए बिना विधिक करार उपलब्ध कराएंगे ।

(च) उवरक संयंत्रों को पूंजीगत माल का संभरण, यदि संभरण अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी बोली की प्रक्रिया के अधीन किया गया हो ।

(छ) हटा दिया गया ।

(ज) घरेलू संभरण के लिए इस अध्याय के अन्तर्गत शून्य सीमाशुल्क पर, घरेलू आपूर्ति का लाभ देते हुए किसी परियोजना या प्रयोजन के लिए वित्त मंत्रालय की एक अधिसूचना के तहत घरेलू संभरण के लिए माल की सप्लाई ।

(झ) ऊर्जा, तेल और गैस के क्षेत्रों में ऐसी परियोजनाओं के लिए माल की आपूर्ति, जिसके बारे में वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना के जरिए इस अध्याय के अधीन घरेलू आपूर्ति के लिए लाभों को बढ़ावा दिया है ।

अभिगृहीत निर्यात के लिए लाभ

122. अभिगृहीत निर्यात के रूप में पात्रता प्रदान करने वाले माल के विनिर्माण और आपूर्ति के संदर्भ में अभिगृहीत निर्यात पर निम्नलिखित लाभ दिए जायेंगे :—

(क) पैरा 56 के अधीन शुल्क मुक्त स्कीम ।

(ख) अभिगृहीत निर्यात शुल्क वापसी स्कीम ।

(ग) टर्मिनल उत्पाद शुल्क की वापसी ; और

(घ) दिनांक 1 अप्रल, 1995 से आपूर्ति मूल्य (सभी करों एवं उगाहियों को छोड़) के (रेल तक निःशुल्क) एफ ओ आर 6% की दर पर विशेष आयात लाइसेंस ।

अध्याय—11

निर्यात

मुक्त निर्यात

123. सभी निर्यात बिना किसी प्रतिबन्ध के होंगे लेकिन यह वहीं तक सीमित रहेगा जहां तक कि वे निर्यात की निषेधात्मक सूची या इस नीति के प्रावधानों द्वारा या कुछ समय के लिए लागू किसी अन्य कानून द्वारा विनियमित होते हों ।

लेकिन, महानिदेशक विदेश व्यापार एक सार्वजनिक सूचना के जरिए उन शर्तों को निर्धारित कर सकते हैं जिनके अनुसार निर्यातों की निषेधात्मक सूची में शामिल न की गई किसी वस्तु का बिना लाइसेंस के निर्यात किया जा सकता है । इन शर्तों में ये बातें शामिल की जा सकती है न्यूनतम निर्यात कीमत (एम ई पी) विशिष्ट प्राधिकारियों के पास पंजीयन, मात्रात्मक सीमा और अन्य विधियों, नियमों, विनियमों का पालन करना ।

पंजीयन सह सदस्यता प्रमाणपत्र (आर०सी०एम०सी०)

124. इस नीति के अन्तर्गत यदि कोई व्यक्ति (i) निर्यात के लिए लाइसेंस या (ii) किसी अन्य लाभ या (iii) रियायत के लिए आवेदन करता है तो उसे क्रियाविधि पुस्तिका के अध्याय 13, पैरा 219 में यथानिर्दिष्ट आर सी एम सी जारी करने वाले प्राधिकारियों द्वारा उसे स्वीकृत पंजीयन सह-सदस्यता प्रमाणपत्र (आर सी एम सी) संख्या देनी होगी ।

125. हटा दिया गया ।

संविदाओं को भुनाना और निर्यात प्राप्तियों की वसूली

126. सभी निर्यात संविदा और बीजक मुख्य रूप से परिवर्तनीय मुद्रा से भुनाए जाएंगे और निर्यात प्राप्तियां मुक्त रूप से परिवर्तनीय मुद्रा में वसूल की जाएंगी । जिन संविदाओं के लिए अदायगी एशियन क्लीयरिंग यूनियन (ए सी यू) के जरिए प्राप्त किए जाएंगे वे एशियन क्लीयरिंग यूनियन डालर में प्राप्त किए जाएंगे ।

केन्द्रीय सरकार उपयुक्त मामलों में इस पैराग्राफ के प्रावधानों में छूट दे सकती है ।

यदि कोई निर्यातक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्दिष्ट समय के भीतर निर्यात आय वसूल नहीं कर सकता है तो ऐसी स्थिति में वह उस समय पर लागू किसी कानून के अन्तर्गत किसी दायित्व या दण्ड के पूर्वाग्रह के बिना, उस अधिनियम, नियम और उसके अन्तर्गत किए गए आदेश के प्रावधान और नीति के प्रावधान के अनुसार कार्रवाई के लिए जिम्मेदार होंगे ।

127. हटा दिया गया ।

पुनर्निर्यात

128. इस नीति के अनुसार आयातित माल का पुनर्निर्यात बिना लाइसेंस के उसी रूप में अथवा उसके अधिकांशतः उसी रूप में किया जा सकेगा बशर्ते निर्यात की जाने वाली मद आयात अथवा निर्यात की नकारात्मक सूची में नहीं है ।

128-क. आयात की निषेधात्मक सूची अथवा निर्यात की निषेधात्मक सूची (किसी भी सूची में निषिद्ध मदों को छोड़कर) में शामिल मदों का आयात निम्नलिखित शर्तों के अनुसार पुनः निर्यात के लिए जा सकता है :—

(1) इसमें न्यूनतम 10% मूल्य संवर्धन हो ।

(2) मदों का आयात सीमाशुल्क बंधपत्र के अधीन होगा ।

(3) आयात एवं पुनः निर्यात एक ही सीमाशुल्क बांडिड परिसर से किया जाएगा, और

(4) इस पैरा के अन्तर्गत मदें सीमाशुल्क बांडिड परिसर से बाहर नहीं ले जाई जाएंगी ।

वैयक्तिक असबाब का निर्यात

129. बाहर जाने वाले भारतीय यात्रियों के वास्तविक निजी असबाब को या तो यात्रियों के साथ ही या यदि साथ न ले जाना हो तो भारत से यात्री के प्रस्थान के पहले या बाद में एक वर्ष के अन्दर ले जाने की अनुमति है। निर्यात की निषेधात्मक सूची में सम्मिलित मदों के लिये खाद्य मदों को छोड़कर एक लाइसेंस लेना जरूरी होगा।

130. हटा दिया गया है।

उपहारों का निर्यात

131. किसी एक लाइसेंसिंग वर्ष में 15000/- रुपये से कम मूल्य का खाद्य मदों सहित माल का निर्यात उपहार स्वरूप निर्यात किया जा सकेगा। निर्यात की निषेधात्मक सूची की मदों को (खाद्य मदों को छोड़कर) उपहार के तौर पर बिना लाइसेंस के निर्यात नहीं किया जा सकता।

पुर्जों का निर्यात

132. संयंत्र, उपस्कर, मशीनरी, आटोमोबाइल अथवा किसी अन्य माल के स्वदेशी अथवा आयातित वारण्टी अतिरिक्त पुर्जों का निर्यात मुख्य उपस्कर के साथ ही साथ या बाद में उसके निर्यात के कुल जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 5% तक किया जा सकेगा। जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 5% से अधिक मूल्य के अतिरिक्त पुर्जों के निर्यात की अनुमति किसी लाइसेंस पर दी जा सकेगी।

प्रतिस्थापन/मरम्मत किए माल का निर्यात

132-क. निर्यात करते समय यदि कोई माल या उसके हिस्से दोषपूर्ण/टूटा-फूटा अथवा अन्यथा प्रयोग के अयोग्य पाये जाएं तो उनका प्रतिस्थापन निर्यातक द्वारा निःशुल्क किया जाएगा और इस प्रकार के माल की सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा क्लीयरेंस निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन दी जा सकेगी :—

(क) प्रतिस्थापन का माल निर्यात की निषेधात्मक सूची में नहीं हो ;

(ख) प्रतिस्थापन लगभग उतनी मात्रा और मूल्य के बराबर होगा जितना माल दोषपूर्ण/टूटा-फूटा अथवा प्रयोग के अयोग्य पाया गया हो ; और

(ग) प्रतिस्थापन वस्तुओं का लदान पहले से निर्यात की गई वस्तुओं के निपटारे के तिथि से 12 महीनों की अवधि के अन्दर या जहां यह अवधि 12 महीनों से ज्यादा है वहां मशीनों या उनके पुर्जों के मामले में गारंटी अवधि के अन्दर की जाती है।

उपर्युक्त प्रावधानों के अन्दर नहीं आने वाले मामलों पर विदेश व्यापार महानिदेशक द्वारा योजना के आधार पर विचार किया जाएगा।

विशेष आयात लाइसेंस लाभ

132-ख. संचार उपकरण तथा इलेक्ट्रानिक वस्तुओं और सेवाओं के निर्यातक, विशेष आयात लाइसेंस के लाभ के लिए निम्नांकित दरों पर तथा इस संबंध में सार्वजनिक सूचना में दी गयी शर्तों के अनुसार हकदार होंगे :—

(क) डी टी ए में निर्यातक एन०एफ०ई० का 30% (शुल्क छूट योजना के अन्तर्गत लाइसेंस धारकों को छोड़कर)

(ख) शुल्क छूट योजना के एन०एफ०ई० का 15% अन्तर्गत लाइसेंस धारक

(ग) ई०ओ०यू०, ई०एच० एफ०एफ०ई० का 15% टी०पी० तथा ई पी जेड एवं एम टी पी में एकक

इस नीति के अनुच्छेद 138 के प्रावधान एन०एफ०ई० की गणना के लिए लागू होंगे।

पारगमन सुविधा

133. भारत से या भारत के समीपवर्ती देशों को भारत से होकर वस्तुओं का पारगमन भारत और उन देशों के बीच हुई संधियों के अनुसार होगा।

134. हटाया गया।

अध्याय-12

निर्यात सदन, व्यापार सदन, स्टार व्यापार सदन और सुपर स्टार व्यापार सदन

परिभाषा

135. व्यापारी और विनिर्माता निर्यातक और विदेशी इक्विटी रखने वाली कम्पनियों सहित व्यापारी कम्पनियों निर्यात अभिमुख यूनिटों (ई ओ यू) और निर्यात संसाधन क्षेत्रों (ई पी जेड)/इलैक्ट्रानिकी हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्कों (ई एच टी पी) साफ्टवेयर टेकनोलोजी पार्क्स (एस टी पी) में स्थित यूनिटों को निर्यात सदनों, व्यापार सदनों, स्टार व्यापार सदनों अथवा सुपर स्टार व्यापार सदनों को समय-समय पर यथानिर्धारित कसौटी के अन्तर्गत मान्यता दी गई है। ऐसे निर्यात सदन, व्यापार सदन, स्टार व्यापार सदन और सुपर स्टार व्यापार सदन उस समय तक उस स्तर पर बने रहेंगे जिस समय तक उन्हें वह स्तर प्रदान किया गया था।

नवीकरण का मानदण्ड

136. जब कोई निर्यात सदन, व्यापार सदन, स्टार व्यापार सदन या सुपर स्टार व्यापार सदन के रूप में पूर्व-निर्धारित अवधि की समाप्ति पर निर्यात सदन, व्यापार सदन, स्टार व्यापार सदन या सुपर स्टार व्यापार सदन, जैसा भी मामला हो, के रूप में नवीकरण के लिए नए सिरे से आवेदन करता है तो उसे मान्यता प्रदान करने के लिए निर्धारित मानदण्ड पर खरा उतरना होगा।

मान्यता के लिए मानदण्ड

137. निर्यात सदन, व्यापार सदन, स्टार व्यापार सदन या सुपर स्टार व्यापार सदन के रूप में मान्यता प्रदान की पात्रता करने का आधार गत तीन लाइसेंसिंग वर्षों में या पिछले लाइसेंसिंग वर्ष में जो भी विकल्प निर्यातक द्वारा चुना गया हो जैसा कि नीचे दिया जा रहा है । वास्तविक निर्यातों और सेवाओं निर्यातक द्वारा सीधे ही किए साफ्टवेयर के निर्यातों सहित के निर्यात के पोतपर्यन्त निःशुल्क मूल्य या शुद्ध विदेशी मुद्रा अर्जन (एन एफ ई) के आधार पर किया जाएगा । शुद्ध विदेशी मुद्रा अर्जन का मानदण्ड व्यापारी निर्यातक के लिए उपलब्ध नहीं होगा । पासबुक धारक के मामले में पासबुक स्कीम के अन्तर्गत किया गया निर्यात तभी गिना जाएगा जब निर्यातक जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के आधार पर मान्यता प्राप्त करने के लिए आवेदन करते हैं । किन्तु अनुगृहीत निर्यात मान्यता के तौर पर मान्य नहीं होंगे ।

वर्ग	जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य मानदण्ड		शुद्ध विदेशी मुद्रा मानदण्ड	
	गत तीन लाइसें-सिंग वर्षों में किए गए निर्यातों का औसत मूल्य (रुपयों में)	पिछले लाइसेंसिंग वर्ष के दौरान किए गए निर्यात का पोतपर्यन्त निःशुल्क मूल्य (रुपयों में)	गत तीन लाइसें-सिंग वर्षों के दौरान किए गए निर्यात से अर्जित औसत निवल विदेशी मुद्रा (रुपयों में)	पिछले लाइसेंसिंग वर्ष के दौरान किए गए निर्यात से अर्जित निवल विदेशी मुद्रा (रुपयों में)
निर्यात सदन	10 करोड़	15 करोड़	6 करोड़	12 करोड़
व्यापार सदन	50 करोड़	75 करोड़	30 करोड़	60 करोड़
स्टार व्यापार सदन	250 करोड़	300 करोड़	125 करोड़	150 करोड़
सुपर स्टार व्यापार सदन	750 करोड़	1000 करोड़	400 करोड़	600 करोड़

137-क. काट दिया गया ।

138. यदि पोतपर्यन्त निःशुल्क मूल्य के आधार पर पात्रता का दावा किया गया हो तो नीति के अध्याय 8 में दिए गए माल के वास्तविक निर्यात का आंकलन निर्यात के वास्तविक पोतपर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 50% जितना होगा ।

यदि पात्रता का दावा शुद्ध विदेशी निर्यात के आधार पर किया जाता है तो शुद्ध विदेशी विनियमन की गणना के लिए निर्यातक द्वारा सम्बद्ध अवधि के दौरान पात्र निर्यातों में से निम्नलिखित का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य घटा दिया जाएगा :—

(क) सम्बद्ध निर्यात उत्पादों में प्रयुक्त सभी आयात (पूंजीगत माल के अतिरिक्त), और

(कक) हीरा उधार बुक स्कीम के अन्तर्गत निर्यातक के मामले में उधार बुक में हकदारियां, और

(ख) वैधता अवधि के अन्तर्गत परित्यक्त लाइसेंसों को छोड़कर नीति पुस्तक के अध्याय 7 और 8 के अन्तर्गत जारी सभी हस्तांतरणीय लाइसेंस ।

दोहरा लाभ

139. शुद्ध विदेशी विनियमन या लघु उद्योग (एस एस आई) से तैयार निर्यात उत्पाद से कमाई गई पोतपर्यन्त निःशुल्क मूल्य पर दोहरा लाभ दिया जाएगा ।

खेलकूद के सामान के निर्यात से कमाए गए पोतपर्यन्त निःशुल्क मूल्य पर दोहरा लाभ दिया जाएगा ।

हथकरघा, हस्तशिल्प के लाभ

139-क. हथकरघा तथा हस्तशिल्प क्षेत्र द्वारा तैयार किए गए उत्पाद, जिनमें हाथ से बुने कालीन और सिल्क उत्पादन भी निहित हैं, को लाभ मिलेगा ।

(क) ऐसे माल के निर्यात से कमाए गए पोतपर्यन्त निःशुल्क मूल्य को दोहरा लाभ ; या

(ख) ऐसे माल के निर्यात से कमाई गई शुद्ध विदेशी मुद्रा पर तिगुना लाभ ।

सहायक कम्पनी

140. निर्यातक की सहायक कम्पनी जो घरेलू टैरिफ क्षेत्र में स्थित है या निर्यात संसाधन क्षेत्र में है या निर्यातोन्मुख

यूनिट/इलैक्ट्रानिक हार्डवेयर टैक्नालोजी पार्क (ई एच टी पी)/साफ्टवेयर टैक्नालोजी पार्क (एस टी पी) द्वारा किए गए निर्यात का पांतपर्यन्त निःशुल्क मूल्य उनकी पैतृक कम्पनी के निर्यात निष्पादन में पात्रता के लिए गिना जाएगा ।

140-क. हटा दिया गया ।

140-ख. हटा दिया गया ।

वैधता अवधि

141. निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन/सुपर स्टार सदन प्रमाण पत्र यदि अन्यथा न दिया हो लाइसेंसिंग वर्ष के अप्रैल से प्रारम्भ से उन तीन वर्षों की अवधि के लिए वैध होंगे जिसमें मान्यता के लिए आवेदन किया गया था । पहले प्रमाण पत्र के समाप्त हो जाने पर उपरोक्त सदन को नया प्रमाण पत्र पाने और आवेदन करने के लिए छह महीने की अनुमति दी जाएगी । इस अवधि के दौरान उपरोक्त सदन साधारण सुविधाएं और फायदे विशेष आयात लाइसेंस (एस आई एल) को छोड़कर उठाने के लिए योग्य होंगे ।

लाभ

142. निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन/सुपर स्टार व्यापार सदन प्रक्रिया पुस्तक के अध्याय 12 में खण्ड 1 में उल्लिखित लाभों के हकदार होंगे ।

अध्याय–13

निर्यात संवर्धन परिषदें

निर्यात संवर्धन परिषदें

143(क) इस समय 19 निर्यात संवर्धन परिषदें (ईपीसी) हैं जिनका मूल उद्देश्य देश के निर्यात का संवर्धन और विकास करना है । प्रत्येक परिषद किसी विशिष्ट उत्पाद-समूह, परियोजनाओं तथा सेवाओं के लिए उत्तरदायी है । निर्यात संवर्धन परिषदें नीचे दी गई हैं :—

(1) परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (ए ई पी सी), नई दिल्ली

(2) मूल रसायन, भेषज तथा प्रसाधन सामग्री निर्यात संवर्धन परिषद (कैमेक्सिल), बम्बई

(3) काजू निर्यात संवर्धन परिषद, कोची

(4) कालीन निर्यात संवर्धन परिषद, नई दिल्ली

(5) रसायन तथा संबद्ध उत्पाद निर्यात संवर्धन परिषद (कैपेक्सिल), कलकत्ता

(6) सूती वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद, (टैक्सप्रोसिल), बम्बई

(7) इलैक्ट्रोनिक्स एवं कम्प्यूटर साफ्टवेयर निर्यात संवर्धन परिषद, नई दिल्ली

(8) इंजीनियरी निर्यात संवर्धन परिषद (ई ई पी सी), कलकत्ता

(9) रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद, बम्बई

(10) हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद, नई दिल्ली

(11) हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद (एचईपीसी), मद्रास

(12) भारतीय रेशम निर्यात संवर्धन परिषद, बम्बई

(13) चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई), मद्रास

(14) ओवरसीज कन्स्ट्रक्शन कौंसिल आफ इंडिया (ओसीसीआई), बम्बई

(15) प्लास्टिक एवं लिनोलियम निर्यात संवर्धन परिषद (प्लैक्सिल), बम्बई

(16) चमड़ा निर्यात संवर्धन परिषद, कलकत्ता

(17) खेलकूद सामग्री निर्यात संवर्धन परिषद, नई दिल्ली

(18) सिन्थेटिक एवं रेयन वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद, बम्बई

(19) ऊन तथा ऊनी वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद, नई दिल्ली

(20) विद्युत करघा विकास एवं निर्यात संवर्धन परिषद

(ख) इस अध्याय के प्रयोजन के लिए निम्नलिखित अभिकरण निर्यात संवर्धन परिषद के रूप में मानी जाएंगी :—

(1) कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा)

(2) कॉफी बोर्ड

(3) कयर बोर्ड

(4) भारतीय निर्यात संगठन परिषद (फिजो)

(5) समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एम्पीडा)

(6) रबड़ बोर्ड

(7) मसाला बोर्ड

(8) चाय बोर्ड

(9) तम्बाकू बोर्ड

लाभ न कमाने वाले संगठन

144. निर्यात संवर्धन परिषदें कंपनी अधिनियम अथवा समितियां पंजीकरण अधिनियम, जैसा कि मामला हो, के अंतर्गत लाभ न कमाने वाले संगठन हैं । इन्हें सरकार द्वारा वित्तीय सहायता दी जाती है ।

भूमिका

145. निर्यात संवर्धन परिषदों की मुख्य भूमिका उच्च गुणवत्ता वाले सामान के विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की छवि प्रस्तुत करना है । विशेषतः निर्यात संवर्धन परिषदें निर्यातकों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानकों एवं विशिष्टियों के संवर्धन तथा मॉनीटरिंग के प्रेक्षण संबंधी कार्य करेगी ।

निर्यात संवर्धन परिषदों को माल और सेवाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजारों की प्रवृत्तियों तथा अवसरों पर नजर रखनी होगी और निर्यातों के विस्तार तथा उनमें विविधता लाने के उद्देश्य से ऐसे अवसरों का लाभ उठाने में अपने सदस्यों की सहायता करेगी ।

कर्त्तव्य

146. निर्यात संवर्धन परिषदों के मुख्य कार्य निम्न प्रकार हैं :

(क) अपने सदस्यों की उनके निर्यातों में विस्तार तथा वृद्धि करने में सहायता करना तथा वाणिज्यिक लाभकारी सूचनाएं उपलब्ध कराना ;

(ख) अपने सदस्यों को प्रौद्योगिकी उन्नयन, गुणवत्ता तथा डिजाइन में सुधार, मानक तथा विशिष्टियों, उत्पाद-विकास नवीन प्रक्रिया आदि जैसे क्षेत्रों में व्यावसायिक परामर्श देना ;

(ग) विदेशों में बाजार अवसरों का अध्ययन करने के लिए अपने सदस्यों के प्रतिनिधिमंडलों के दौरे आयोजित करना ;

(घ) भारत तथा विदेशों में व्यापार मेलों, प्रदर्शनियों तथा क्रेता-विक्रेता बैठकों में भाग लेना ;

(ङ) निर्यातक समुदाय तथा केन्द्र एवं राज्य दोनों सरकारों के बीच परस्पर बातचीत को बढ़ाना ;

(च) सांख्यिकीय आधार का निर्माण करना तथा देश के निर्यातों तथा आयातों, अपने सदस्यों के निर्यातों तथा आयातों तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संबंधी अन्य आवश्यक आंकड़े उपलब्ध कराना ।

सदस्यता

147. कोई भी निर्यातक निर्यात संवर्धन परिषद का सदस्य बनने के लिए आवेदन कर सकता है और इस आवेदन पर निर्यात संवर्धन परिषद के नियमों और विनियमों के अनुसार शीघ्रातिशीघ्र विचार करके उसका निपटान किया जाएगा । सदस्यता प्राप्त होने पर आवेदक को एकदम एक पंजीकरण-सह-सदस्यता प्रमाणपत्र (आरईएमबी) दिया जाएगा ।

व्यावसायिक संस्था

148. निर्यातों के संवर्धन में अपनी भूमिका निभाने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण है कि निर्यात संवर्धन परिषदें व्यावसायिक निकायों के रूप में कार्य करें । इस प्रयोजन के लिए, व्यावसायिक पृष्ठभूमि वाले तथा उद्योग, वाणिज्य और अंतर्राष्ट्रीय बाजार का अनुभव रखने वाले अधिकारियों को निर्यात संवर्धन परिषदों में लाया जाना चाहिए ।

स्वायत्तता

